SUPREME AUDIT INSTITUTION OF INDIA
लोकहितार्थ सत्यनिष्ठा
Dedicated to Truth in Public Interest

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन

आयकर अधिनियम, 1961 के तहत अस्पष्टीकृत लेनदेन पर कराधान पर अनुपालन लेखापरीक्षा

संघ सरकार

राजस्व विभाग - प्रत्यक्ष कर

2026 की प्रतिवेदन संख्या 32

(अनुपालन लेखापरीक्षा - सिविल)

मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
का प्रतिवेदन

आयकर अधिनियम, 1961 के तहत
अस्पष्टीकृत लेनदेन पर कराधान
पर अनुपालन लेखापरीक्षा

संघ सरकार
राजस्व विभाग - प्रत्यक्ष कर
2026 की प्रतिवेदन संख्या 32
(अनुपालन लेखापरीक्षा - सिविल)

.... को लोक सभा एवं राज्य सभा के पटल पर प्रस्तुत किया गया।

विषय-सूची

विषय		पृष्ठ संख्या
	प्रस्तावना	*i*
	कार्यकारी सारांश	*iii-vii*
	अनुशंसाओं का सारांश	*ix-x*
अध्याय 1	परिचय और लेखापरीक्षा पद्धति	1-5
अध्याय 2	लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का सांख्यिकीय विश्लेषण	7-20
अध्याय 3	अनुपालन संबंधी मुद्दे	21-120
अध्याय 4	प्रणालीगत मुद्दे	121-157
	परिशिष्ट	159-161
	संक्षिप्ताक्षर	163-164

प्रस्तावना

मार्च 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए यह प्रतिवेदन भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के तहत राष्ट्रपति को प्रस्तुत करने के लिए तैयार की गई है।

प्रतिवेदन में आयकर विभाग, राजस्व विभाग - केंद्र सरकार द्वारा पूर्ण किए गए निर्धारणों में धारा 115बीबीई के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के प्रावधानों (आयकर अधिनियम, 1961 के तहत अस्पष्टीकृत लेनदेन पर कराधान) के अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणाम शामिल हैं।

प्रारंभ में आयकर अधिनियम, 1961 के तहत अस्पष्टीकृत लेनदेन पर कराधान पर एक विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा (एसएससीए) की योजना बनाई गई थी, और तदनुसार, लेखापरीक्षा नमूने के रूप में मामलों की पहचान के लिए नवंबर 2022 में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) से इस विषय पर निर्धारण आँकड़ा का अनुरोध किया गया था। हालाँकि, सीबीडीटी से अपेक्षित आँकड़ा की विलंबित प्राप्ति (जनवरी 2025) के कारण, लेखापरीक्षा ने (वर्ष 2024-25 के दौरान) इस विषय पर लेखापरीक्षा टिप्पणियों, जिसमें महत्वपूर्ण कर प्रभाव शामिल था और जो वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक संचालित नियमित अनुपालन लेखापरीक्षा के दौरान पहले ही उठाया और विभाग को सूचित किया गया था, को संकलित किया।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों के अनुरूप लेखापरीक्षा संचालित की गई है।

कार्यकारी सारांश

वित्त अधिनियम, 2012 द्वारा 01/04/2013 (निर्धारण वर्ष 2013-14 से प्रभावी) से एक नई धारा 115बीबीई सम्मिलित की गई, जिसमें यह प्रावधान है कि यदि किसी निर्धारिती की कुल आय में धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी या 69डी के अंतर्गत प्रभार्य आय सम्मिलित है, तो ऐसी आय पर अधिनियम के किसी भी प्रावधान के अंतर्गत निर्धारिती को किसी भी व्यय या छूट के संबंध में कटौती की अनुमति दिए बिना 30 *प्रतिशत* की दर से कर लगाया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, 2016 में नोटबंदी के पश्चात, वित्त मंत्री ने संसद में कराधान कानून (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2016 पेश करते हुए कहा कि कर चोरी से देश संसाधनों से वंचित होता है और ईमानदार करदाताओं पर अत्यधिक बोझ पड़ता है। परिणामस्वरूप, काले धन को छिपाने के लिए अधिनियम के मौजूदा प्रावधानों के दुरुपयोग को रोकने हेतु, धारा 115बीबीई के प्रावधानों में संशोधन किया गया, जिसमें कर की दर को 30 *प्रतिशत* से बढ़ाकर 60 *प्रतिशत* किया गया और कर पर 25 *प्रतिशत* का एक समान अधिभार लगाया गया, ताकि कर न चुकाने वाले करदाताओं पर उच्च दर से कराधान सुनिश्चित किया जा सके।

ऐसी आय पर कर तथा अधिभार की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि का प्रत्यक्ष प्रभाव देय उपकर (सेस) की राशि पर पड़ेगा तथा साथ ही आयकर अधिनियम की धारा 234ए एवं 234बी के अंतर्गत देय ब्याज, यदि कोई हो, पर भी इसका परिणामस्वरूप प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी या 69डी के अंतर्गत सम्मिलित किये गए अस्पष्टीकृत लेनदेन से किसी भी व्यय या छूट या किसी भी हानि का समायोजन, जिसमें अग्रेषित की जाने वाली हानियाँ भी सम्मिलित है, के सम्बन्ध में किसी भी कटौती की अनुमति निर्धारिती को नहीं है।

लेखापरीक्षा में यह संज्ञान में आया कि सभी निर्धारण प्रभारों में अधिनियम की धारा 115बीबीई के साथ पठित धाराएँ 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी या 69डी के दायरे के अंतर्गत आने वाली आय के संबंध में निर्धारण आदेशों के साथ-साथ कर/अधिभार की गणना में भी काफी संख्या में विसंगतियां थीं। इसलिए, हमने शुरू में इस विषय पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा करने का निर्णय

लिया और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से आवश्यक आँकड़े माँगे। आँकड़ों की दो वर्षों से अधिक अवधि तक प्राप्ति न होने के कारण, अंततः यह निर्णय लिया गया कि वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान किए गए अनुपालन लेखापरीक्षा में धारा 115बीबीई के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी तथा 69डी के प्रावधानों के त्रुटिपूर्ण अनुप्रयोग से संबंधित लेखापरीक्षा टिप्पणियों के आधार पर यह लेखापरीक्षा प्रतिवेदन निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ संकलित करने का निर्णय लिया:

- इस प्रकार के निर्धारण करते समय अधिनियम/नियमों/परिपत्रों/निर्देशों के मौजूदा प्रावधानों के अनुपालन की सीमा की जांच करना;
- यह जांच करना कि क्या धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के साथ पठित धारा 115बीबीई के प्रावधानों को, अर्थात् अस्पष्टीकृत क्रेडिट, निवेश, धन और व्यय आदि के कराधान से संबंधित प्रावधानों को आयकर विभाग के सभी निर्धारण प्रभारों में समान रूप से लागू किया गया था;
- धारा 115बीबीई के साथ पठित धाराएँ 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के प्रावधान वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने में किस हद तक प्रभावी और सफल रहा।

इस प्रतिवेदन में ₹ 25,085 करोड़ के कर प्रभाव सहित 1,902 लेखापरीक्षा संबंधी अभ्युक्तियाँ सम्मिलित हैं, जिन्हें वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक किए गए अनुपालन लेखापरीक्षा के दौरान उठाया गया था। जिन निर्धारण मामलों में विसंगतियां पाई गईं, वे अधिकतर उन निर्धारितियों जिनमें आयकर विवरणी दाखिल न करने वाले निर्धारिती भी सम्मिलित हैं, से संबंधित थे, जिनके संबंध में आय छिपाने की जानकारी अन्य स्रोतों से प्राप्त हुई थी और/या बही-खातों /बैंक खातों में ऐसी प्रविष्टियां थीं जो निर्धारण कार्यवाही के दौरान या तो अस्पष्टीकृत थीं या संतोषजनक ढंग से स्पष्ट नहीं की गई थीं। ऐसे भी मामले थे जिनमें निर्धारिती ने आयकर विभाग (आईटीडी/विभाग) के नोटिस का प्रत्युत्तर नहीं दिया, जिसके कारण अधिनियम की धारा 144 के अंतर्गत सर्वोत्तम निर्णय के आधार पर निर्धारण करना आवश्यक हो गया। इसके अतिरिक्त, इनमें से बड़ी संख्या में मामले निर्धारण वर्ष 2017-18 से संबंधित थे, जो वित्तीय वर्ष

2016-17 से संबन्धित थे, अर्थात वह वर्ष जिसमें नोटबंदी हुई थी और सीबीडीटी की जांच शाखा द्वारा ऑपरेशन क्लीन मनी (ओसीएम) पहल के अंतर्गत कार्रवाई की गई थी।

इन 1,902 मामलों में से 1,728 मामले ₹ 23,769 करोड़ के कर के अल्प-निर्धारण/अल्प-प्रभार से संबंधित थे और शेष 174 मामले ₹ 1,316 करोड़ के कर के अति-निर्धारण/अति-प्रभार से संबंधित थे।

निर्धारण आदेशों/(कर गणना पत्रक) आईटीएनएस में विसंगतियों की प्रकृति के आधार पर, इन अभ्युक्तियों को निम्नलिखित चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया:

- ₹ 4,707 करोड़ का कर प्रभाव सहित 926 मामलों में धारा 115बीबीई के प्रावधानों के उल्लंघन से कर दर और अधिभार के गलत अनुप्रयोग।
- ₹ 1,230 करोड़ का कर प्रभाव सहित 331 मामलों में, धारा 115बीबीई के अंतर्गत कर योग्य आय को कर गणना विवरणी में सही ढंग से सम्मिलित नहीं किया गया था।
- ₹ 349 करोड़ के कर प्रभाव सहित 56 निर्धारण मामलों में, धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी, 69डी के अंतर्गत किए गए परिवर्धन से हुई हानि का गलत तरीके से समायोजन।
- ₹ 18,799 करोड़ के कर प्रभाव सहित 589 मामलों में, धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी, 69डी के अंतर्गत आने वाले अस्पष्टीकृत लेनदेन, निर्धारण और धारा 115बीबीई के अनुसार कर के उद्ग्रहण से बच गए थे।

कुल 1,902 अभ्युक्तियों में से, ₹ 13,258 करोड़ कर प्रभाव वाले 1,643 अभ्युक्तियों में, निर्धारण अधिकारियों (एओ) ने अभ्युक्तियों को स्वीकार किया/सुधार किया/सुधारात्मक कार्रवाई शुरू की, जबकि ₹ 2,349 करोड़ कर प्रभाव वाले 39 मामलों में, निर्धारण अधिकारी (एओ) ने अभ्युक्तियों को स्वीकार नहीं किया/सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की। इसके अतिरिक्त, ₹ 9,478 करोड़ कर प्रभाव वाले 220 मामलों में, निर्धारण अधिकारी ने कोई उत्तर नहीं दिया।

निर्धारण आदेशों और/या कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में विसंगतियां यह दर्शाती हैं कि निर्धारण अधिकारियों ने अपने वैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने में पर्याप्त सावधानी नहीं बरती।

लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों का सारांश नीचे दिया गया है:

- लेखापरीक्षा ने 23 राज्यों में कर/अधिभार की दर के गलत अनुप्रयोग से संबंधित 926 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का संज्ञान लिया, जिनका कर प्रभाव ₹ 4,707 करोड़ था। इन 926 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से, ₹ 4,384 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 889 अभ्युक्तियाँ कर/अधिभार की कम वसूली से संबंधित थीं, जबकि ₹ 323 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 37 अभ्युक्तियाँ कर/अधिभार की अधिक वसूली से संबंधित थीं।

(पैराग्राफ 3.1 तथा 4.1.2)

- लेखापरीक्षा ने पाया कि 19 राज्यों में, ₹ 1,230 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 331 मामलों में, निर्धारण के पश्चात निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, आईटीएनएस में निर्धारित आय को वास्तविक निर्धारित आय से दोगुना/तिगुना या उससे अधिक गुना या उससे कम या शून्य दर्शाया गया था।

(पैराग्राफ 3.2 तथा 4.1.1)

- लेखापरीक्षा ने पाया कि निर्धारण आदेशों में निर्धारित आय की गणना करते समय, निर्धारण अधिकारियों ने 12 राज्यों में ₹ 349 करोड़ के कर प्रभाव से जुड़े 56 मामलों में धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी, 69डी के अंतर्गत की गई बढ़ोतरी से हानि का गलत तरीके से समायोजन किया।

(पैराग्राफ 3.3)

- लेखापरीक्षा ने पाया कि 20 राज्यों में ₹ 18,799 करोड़ के कर प्रभाव से जुड़े 589 मामलों में, निर्धारण अधिकारी अधिनियम की धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी, 69डी के प्रावधानों को समान रूप से लागू नहीं किया, जबकि उक्त लेनदेन फर्जी प्रकृति के थे या उनका स्रोत अस्पष्टीकृत था, जिसके परिणामस्वरूप आय का कम निर्धारण हुआ या आय का निर्धारण नहीं हो पाया।

(पैराग्राफ 3.4 तथा 4.2)

- लेखापरीक्षा ने इस प्रतिवेदन में दर्ज किए गए 1,902 मामलों में से 51 मामलों में पाया कि धारा 115बीबीई की शुरुआत से पहले यानी, नि.व. 2012-13 तक, के मामलों में पाई गई अनियमितताएं/असंगतियां, इस धारा की शुरुआत के बाद संसाधित मामलों में भी बनी रहीं।

(पैराग्राफ 3.5)

- लेखापरीक्षा ने आंतरिक लेखापरीक्षा हेतु मामलों के चयन की निगरानी में कमी पाई। लेखापरीक्षा में पाया गया कि इस प्रतिवेदन में सम्मिलित 1,902 मामलों में से 1,777 मामलों की आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा समीक्षा नहीं की गई थी। इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा में 103 मामलों में से 17 ऐसे उदाहरण मिले, जहां प्राप्ति लेखापरीक्षा (सीएजी लेखापरीक्षा) पूरा होने के पश्चात आंतरिक लेखापरीक्षा की गई थी, इससे पता चलता था कि विभाग के आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था और संबंधित आयकर आयुक्त/संयुक्त आयकर आयुक्त आयकर विभाग की लेखापरीक्षा नियमावली 2019 में निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित नहीं कर सके।

(पैराग्राफ 4.3.2)

अनुशंसाओं का सारांश

- *हालांकि विभाग ने लेखापरीक्षा में बताए गए मामलों में सुधारात्मक कदम उठाए हैं, लेकिन यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि ये केवल कुछ उदाहरण वाले मामले हैं जिनकी लेखापरीक्षा के दौरान जांच की गई थी। इसलिए, सीबीडीटी उपलब्ध मैनपावर के आधार पर, रिस्क एनालिसिस करने और सीबीडीटी द्वारा तय की जाने वाली वित्तीय सीमा को ध्यान में रखते हुए, लेखापरीक्षा अवधि से संबंधित संभावित निर्धारण मामलों की समीक्षा कर सकता है। इन मामलों में ऐसे निर्धारण शामिल हो सकते हैं जिनमें बिना बताए या बिना खुलासा किए गए लेनदेन पर कर लगाया जाना हो, ताकि राजस्व का नुकसान न हो।*

- *सीबीडीटी ऐसी त्रुटियों के कारणों को चिन्हित करने पर विचार करे और तदनुसार भविष्य में ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति से बचने के लिए एक त्रुटिरहित सूचना प्रौधोगिकी प्रणाली और आंतरिक नियंत्रण तंत्र स्थापित करे।*

- *सीबीडीटी यह जांच करे कि पाई गई "त्रुटियों" के मामले चूक या जानबूझकर की गई त्रुटियां हैं, और जानबूझकर की गई त्रुटियों के मामले में, आयकर विभाग विधियों के अनुसार जिम्मेदारी तय करने सहित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे।*

- *सीबीडीटी गणना संबंधी त्रुटियों के कारणों को चिन्हित करे और राजकोष को राजस्व हानि, मुकदमेबाजी और निर्धारिती को उत्पीड़न से बचाने/कम करने हेतु प्राथमिकता के आधार पर समस्या को ठीक करने के लिए एक तंत्र स्थापित करने पर विचार करे।*

- *सीबीडीटी प्रासंगिक धाराओं के प्रावधानों को लागू करने में भिन्नताओं और निर्धारण अधिकारी द्वारा किए गए परिवर्धनों के कारणों की जांच करे और निर्धारण में एकरूपता सुनिश्चित करने के लिए, संभवतः उदाहरणों सहित, मानक परिचालन प्रक्रियाओं/दिशानिर्देशों को जारी करने पर विचार करे, जिससे सरकारी खजाने/कोष को होने वाली हानि/संभावित मुकदमेबाजी को कम किया जा सके।*

- *सीबीडीटी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ करने और विभाग के आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध के कार्यप्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने पर विचार करे। सीबीडीटी संभावित मामलों के चयन को सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा हेतु मामलों के चयन के मानदंडों पर पुनर्विचार करने पर भी विचार करे।*

अध्याय 1: परिचय तथा लेखापरीक्षा दृष्टिकोण

1.1 विहंगावलोकन

सरकार को कल्याणकारी राज्य के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है, जिसमें गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम, अन्य विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रम आदि सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, सरकारी संसाधनों में प्रत्यक्ष कर राजस्व की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वित्त मंत्री ने 2012 के अपने बजट भाषण में, अलेखांकित धन के सृजन और उपयोग को रोकने के लिए कई उपायों का प्रस्ताव रखा, जिनमें आय वर्ग की परवाह किए बिना, अस्पष्टीकृत धन, ऋण, निवेश और व्यय पर 30 *प्रतिशत* की उच्चतम दर से कर लगाना सम्मिलित था। परिणामस्वरूप, वित्त अधिनियम, 2012 (निर्धारण वर्ष 2013-14 से लागू) के माध्यम से, आयकर अधिनियम, 1961 (अधिनियम) में एक नई धारा 115बीबीई को सम्मिलित किया गया, ताकि अस्पष्टीकृत राशियों पर 30 *प्रतिशत* की उच्च दर से कर लगाया जा सके (लागू अधिभार और उपकर को छोड़कर) और अधिनियम के किसी भी प्रावधान के अंतर्गत निर्धारिती को किसी भी व्यय या छूट के संबंध में कटौती की अनुमति न दी जाए।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2016 में नोटबंदी के पश्चात, वित्त मंत्री ने संसद में कराधान कानून (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2016 पेश करते हुए कहा कि करों की चोरी से देश उन महत्वपूर्ण संसाधनों से वंचित हो जाता है जो सरकार को गरीबी उन्मूलन और विकास कार्यक्रमों को चलाने में सक्षम बना सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे ईमानदार करदाताओं पर भी असमान बोझ पड़ता है, जिन्हें राजस्व के रिसाव की क्षतिपूर्ति हेतु उच्च करों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। परिणामस्वरूप, काले धन को छिपाने हेतु अधिनियम के मौजूदा प्रावधानों के दुरुपयोग को रोकने के लिए, धारा 115बीबीई के प्रावधानों में अन्य बातों के अतिरिक्त कर दर को 30 *प्रतिशत* से बढ़ाकर 60 *प्रतिशत* करने और कर पर 25 *प्रतिशत* का एक समान अधिभार लगाने के द्वारा संशोधन किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चूक करने वाले निर्धारितियों पर उच्च दर से कर लगाया जाए।

1.2 आयकर विभाग (आईटीडी) की भूमिका

1.2.1 सभी निर्धारितियों/करदाताओं को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के ई-फाइलिंग प्लेटफॉर्म पर अपनी आय की सही घोषणा करते हुए आयकर विवरण (आईटीआर) दाखिल करना अनिवार्य है। इस प्रकार दाखिल किए गए आईटीआर का संक्षिप्त प्रसंस्करण बेंगलुरु स्थित केंद्रीकृत प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में किया जाता है। इसके अतिरिक्त, कंप्यूटर-सहायता प्राप्त संवीक्षा चयन (सीएएसएस) के आधार पर, संक्षेप में निर्धारण किए गए इन मामलों में से कुछ को विस्तृत संवीक्षा निर्धारण के लिए चुना जाता है। इसके अतिरिक्त, कुछ मामलों में, जिनमें कर दाखिल न करने वालों के मामले भी सम्मिलित हैं, व्यक्तियों को आयकर विभाग द्वारा तलाशी और ज़ब्ती के माध्यम से प्राप्त जानकारी और/या आयकर विभाग के इनसाइट पोर्टल के माध्यम से एकत्रित जानकारी के आधार पर आय से बचने के आकलन/पुनर्मूल्यांकन के लिए चुना जाता है।

1.2.2 संवीक्षा निर्धारण में, निर्धारण अधिकारी को निर्धारिती की आय का निर्धारण करना होता है और सभी मामलों में देय कर या वापसी योग्य राशि का सही निर्धारण करना होता है, चाहे वह राष्ट्रीय ई-आकलन केंद्र (एनईएसी) के माध्यम से पहचनविहीन निर्धारण में हो या केंद्रीय सर्किलों, स्थानांतरण मूल्य निर्धारण कार्यालय और अंतर्राष्ट्रीय कराधान प्रभारों से संबंधित मामलों में मानवीय निर्धारण के माध्यम से हो।

1.2.3 निर्धारण करते समय, निर्धारण अधिकारी को अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारिती के अस्पष्टीकृत धन, क्रेडिट, निवेश और व्यय आदि की जांच करनी होगी और उन्हें कर के दायरे में लाना होगा।

1.3 हमने इस विषय का चयन क्यों किया

धारा 115बीबीई, जिसे वित्त अधिनियम 2012 (निर्धारण वर्ष 2013-14 से लागू) के माध्यम से लागू किया गया था, को बेहिसाब धन के सृजन और उपयोग को रोकने और काले धन को छिपाने के लिए अधिनियम के मौजूदा प्रावधानों के दुरुपयोग को रोकने हेतु प्रस्तुत किया गया था, इसलिए लेखापरीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि क्या अधिनियम के प्रावधानों को विधायिका के अभिप्रेत/वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु सफलतापूर्वक लागू किया गया था। इसके अतिरिक्त, नियमित अनुपालन लेखापरीक्षा करते समय, लेखापरीक्षा दल

को निर्धारितियों की आय के निर्धारण में कई विसंगतियां मिलीं, जिनमें अस्पष्टीकृत धन, क्रेडिट, निवेश और व्यय आदि के रूप में मानी गई आय और कर की गणना सम्मिलित है।

1.4 लेखापरीक्षा उद्देश्य

- ऐसे आकलन करते समय अधिनियम/नियमों/परिपत्रों/निर्देशों के मौजूदा प्रावधानों के अनुपालन की सीमा की जांच करना।
- यह जांच करना कि क्या धारा 115बीबीई के प्रावधानों को धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के साथ पढ़ा जाए, अर्थात् अस्पष्टीकृत क्रेडिट, निवेश, धन और व्यय आदि के कराधान से संबंधित प्रावधानों को आयकर विभाग के सभी निर्धारण प्रभारों में समान रूप से लागू किया गया था।
- धारा 115बीबीई के प्रावधानों के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी अभिप्रेत/वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने में किस हद तक प्रभावी और सफल रहा।

1.5 वैधानिक प्रावधान

आयकर अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधान ***परिशिष्ट 1.1*** में दिए गए हैं।

1.6 लेखापरीक्षा की सीमा और कार्यप्रणाली

- लेखापरीक्षा ने प्रारम्भ में धारा 115बीबीई के प्रावधानों के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अनुप्रयोग पर विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा (विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा) आयोजित करने की योजना बनाई थी, जिसमें वि.व. 2017-18 से 2021-22 की अवधि के दौरान पूर्ण किए गए निर्धारण सम्मिलित थे।
- तदनुसार, उपर्युक्त अवधि के दौरान पूर्ण किए गए निर्धारण से संबंधित आवश्यक आँकड़े नवंबर 2022 में सीबीडीटी से माँगे गए थे। हालांकि, कई अनुस्मारक और विभिन्न स्तरों पर अनुवर्ती बैठकों के बावजूद, सीबीडीटी द्वारा समय पर आवश्यक आँकड़े उपलब्ध नहीं कराये गए।

- सीबीडीटी से अपेक्षित आँकड़े प्राप्त न होने के कारण, लेखापरीक्षा ने इस विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा नहीं करने का निर्णय लिया। इसके पश्चात, उपरोक्त विषय पर लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को संकलित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें महत्वपूर्ण कर प्रभाव[1] सम्मिलित था और जिसे वि.व. 2018-19 से 2022-23 तक आयोजित नियमित अनुपालन लेखापरीक्षाओं के दौरान पहले ही उठाया जा चुका था और विभाग को सूचित किया जा चुका था।
- मसौदा विस्तृत पैराग्राफ तैयार होने पर, इन्हें संबंधित मुख्य आयकर आयुक्तों (सीसीएसआईटी)/प्रधान मुख्य आयकर आयुक्तों (पीसीसीआईटी) को संबंधित लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर उनकी टिप्पणियों के लिए जारी किया गया था।
- विभाग से प्राप्त उत्तरों/प्रतिक्रियाओं को मसौदा प्रतिवेदन में उचित रूप से सम्मिलित किया गया।
- 30 दिसंबर 2025 को मंत्रालय/सीबीडीटी को उनकी टिप्पणियों के लिए समेकित अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन का मसौदा जारी किया गया था। 31 दर्शाए गए मामलों और छह सिफारिशों में सीबीडीटी की प्रतिक्रिया प्राप्त होने के बाद, लेखापरीक्षा निष्कर्षों और उनकी टिप्पणियों के संबंध में लेखापरीक्षा सिफारिशों पर चर्चा करने के लिए 20 मई 2026 को सीबीडीटी के साथ एक एग्जिट कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी। चर्चा के परिणाम, सीबीडीटी की टिप्पणियां और लेखापरीक्षा टिप्पणियां अनुपालन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में विधिवत शामिल की गई हैं।

1.7 प्रतिबंध

धारा 115बीबीई के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के प्रावधानों को लागू करने से संबंधित निर्धारण पर आँकड़े सीबीडीटी से समय पर माँगे थे, ताकि लेखापरीक्षा नमूने व्युत्पन्न किया जा सके और विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा की जा सके। अपेक्षित आँकड़े नवंबर 2022 में सीबीडीटी से माँगे गए थे, और यह जनवरी 2025 में, यानी दो वर्ष से अधिक समय पश्चात प्रदान किये गए थे। उपर्युक्त आँकड़ों को प्राप्त करने में हुए अत्यधिक

[1] लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ जहां कर प्रभाव ₹ 10 लाख और अधिक था

विलंब के कारण लेखापरीक्षा को विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा की शुरुआत को कई बार स्थगित करना पड़ा और अंततः विषय विशिष्ट अनुपालन लेखापरीक्षा को रद्द करना पड़ा। इसके पश्चात, उक्त विषय पर लेखापरीक्षा के पास उपलब्ध आँकड़ों/सामग्री के आधार पर, नियमित अनुपालन लेखापरीक्षा के दौरान उठाई गई लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के रूप में, इस प्रतिवेदन को संकलित किया गया।

1.8 लेखापरीक्षा निष्कर्षों का सारांश

इस प्रतिवेदन में, हमने आयकर विभाग (आईटीडी) द्वारा संपन्न आयकर निर्धारण के नियमित अनुपालन लेखापरीक्षा के दौरान 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान अधिनियम की धारा 115बीबीई के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अनुप्रयोग में हुई त्रुटियों से संबंधित ₹ 25,085 करोड़ के कर प्रभाव से जुड़े 1,902 उच्च मूल्य वाले लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ संकलित किए हैं। लेखापरीक्षा में मुख्य रूप से चार श्रेणियों की अभ्युक्तियाँ पाई गईं, जैसे: कर और अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग; गणना पत्रक में निर्धारित आय को गलत तरीके से अपनाना; धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के विरुद्ध हानियों का गलत समायोजन; धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अंतर्गत मानी गई आय से संबंधित निर्धारण से छूट गई आय।

1,902 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से, विभाग ने मई 2026 तक 1,682 मामलों में प्रत्युत्तर दिया। विभाग ने 1,643 (86.38 *प्रतिशत*) लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को स्वीकार किया, जिनमें ₹ 13,258 करोड़ के कर संबंधी प्रभाव सम्मिलित थे, जबकि विभाग ने ₹ 2,349 करोड़ के कर संबंधी प्रभाव वाले 39 मामलों को अस्वीकार कर दिया। शेष 220 मामलों में, विभाग ने मई 2026 तक कोई उत्तर नहीं दिया।

अध्याय 2: लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का सांख्यिकीय विश्लेषण

इस अध्याय में वर्ष 2018-19 से 2022-23 की अनुपालन लेखापरीक्षा अवधि के दौरान क्षेत्र-वार, करदाता की स्थिति-वार और श्रेणी-वार लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का विवरण दिया गया है, जिसमें कर संबंधी प्रभाव भी सम्मिलित है। साथ ही, विभाग द्वारा इन लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के प्रत्युत्तर में की गई कार्रवाई, इन मामलों की आंतरिक लेखापरीक्षा की स्थिति और विस्तृत संवीक्षा निर्धारण हेतु मामलों के चयन हेतु विभाग द्वारा अपनाए गए मानदंडों का भी वर्णन किया गया है।

2.1 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का विवरण

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीबीई के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी को लागू करने में हुई त्रुटियों से संबंधित कुल 1,902 अभ्युक्तियाँ, जिनमें प्रत्येक अभ्युक्तियों हेतु सीमा ₹ 10.00 लाख है, जिन्हें वर्ष 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान स्थानीय लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के माध्यम से विभाग के 19 क्षेत्रों को जारी किया गया था, को इस प्रतिवेदन में सम्मिलित किया गया हैं। इन लेखापरीक्षा संबंधी अभ्युक्तियों का विवरण एकत्र किया गया और समेकन के पश्चात उनका विश्लेषण किया गया। विश्लेषण के परिणाम आगामी पैराग्राफ में संक्षेपित किया गया है।

2.1.1 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का क्षेत्र-वार वितरण

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115बीबीई के साथ पठित धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अनुप्रयोग में हुई त्रुटियों से संबंधित लेखापरीक्षा टिप्पणियों के क्षेत्र-वार वितरण का पता लगाने के उद्देश्य से, लेखापरीक्षा ने वर्ष 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान उजागर की गई 1,902 अभ्युक्तियों के आँकड़ों का विश्लेषण किया। लेखापरीक्षा विश्लेषण से पता चला कि दिल्ली क्षेत्र में सबसे अधिक अभ्युक्तियाँ (629) दर्ज की गईं, उसके पश्चात मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्रों (258) और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना क्षेत्रों (144) का स्थान रहा। 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान दर्ज की गई अभ्युक्तियों का क्षेत्र-वार वितरण नीचे चार्ट 2.1 में दर्शाया गया है।

चार्ट 2.1: क्षेत्र-वार अभ्युक्तियाँ



2.1.2 निर्धारितियों की श्रेणी-वार अभ्युक्तियाँ

लेखापरीक्षा में उन निर्धारितियों की श्रेणियों का विश्लेषण किया गया जिनके विरुद्ध अभ्युक्तियाँ उठाई गई थीं और पाया गया कि लेखापरीक्षा द्वारा की गई कुल 1,902 अभ्युक्तियों में से सबसे अधिक अभ्युक्तियाँ 'व्यक्तिगत' (1,072) श्रेणी से संबंधित थीं, उसके पश्चात 'कंपनी' (481) और 'फर्म' (249) से संबंधित अभ्युक्तियाँ थीं। विवरण नीचे तालिका 2.1 में संक्षेपित किया गया है।

तालिका 2.1: निर्धारितियों की श्रेणी

क्षेत्र	व्यक्ति (1)	कंपनी (2)	फर्म (3)	व्यक्तियों का समूह (4)	ट्रस्ट (5)	हिन्दू अविभाजित परिवार (6)	कृत्रिम विधिक व्यक्ति (7)	स्थानीय प्राधिकारी (8)	सरकार (9)	कुल
आंध्र प्रदेश और तेलंगाना	90	23	17	4	9	1				**144**
बिहार और झारखंड	77	14	12	1	4	1			1	**110**
दिल्ली	338	199	68	3	11	10				**629**
गुजरात	39	10	37			1				**87**
अंतर्राष्ट्रीय कराधान	7	1								**8**
कर्नाटक और गोवा	32	11	5							**48**
केरल	25	7	4		1					**37**

तालिका 2.1: निर्धारितियों की श्रेणी										
क्षेत्र	**व्यक्ति (1)**	**कंपनी (2)**	**फर्म (3)**	**व्यक्तियों का समूह (4)**	**ट्रस्ट (5)**	**हिन्दू अविभाजित परिवार (6)**	**कृत्रिम विधिक व्यक्ति (7)**	**स्थानीय प्राधिकारी (8)**	**सरकार (9)**	**कुल**
मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़	167	41	30	16	3	1				**258**
मुंबई	16	71	6	1	1	1				**96**
नागपुर	3	1	1							**5**
उत्तर पूर्वी क्षेत्र	6		1							**7**
उत्तर पश्चिमी क्षेत्र	23	18	12	1	5	2				**61**
ओडिशा	28	3	1	1	1		1	1		**36**
पुणे	14	11	7	3	1					**36**
राजस्थान	60	5	11	7	1					**84**
तमिलनाडु और पुडुचेरी	52	19	22	1	1					**95**
उत्तर प्रदेश (पूर्वी)	28	3	2	1	1					**35**
उत्तर प्रदेश (पश्चिमी) और उतराखंड	28	8	8			1	1			**46**
पश्चिम बंगाल और सिक्किम	39	36	5							**80**
सकल कुल	**1,072**	**481**	**249**	**39**	**39**	**18**	**2**	**1**	**1**	**1,902**

जैसा कि उपरोक्त तालिका 2.1 में दर्शाया गया है, निर्धारिती की श्रेणी-वार टिप्पणियाँ विभिन्न क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न थीं। 'व्यक्ति' श्रेणी में, सबसे अधिक अभ्युक्तियाँ दिल्ली (338) में देखी गईं, उसके पश्चात मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (167) और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना (90) का स्थान रहा। 'कंपनी' श्रेणी में, सबसे अधिक अभ्युक्तियाँ दिल्ली (199) में देखी गईं, उसके पश्चात मुंबई (71) और मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (41) का स्थान रहा। 'फर्म' श्रेणी में, सबसे अधिक अभ्युक्तियाँ दिल्ली (68) में देखी गईं, उसके पश्चात गुजरात (37) और मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (30) का स्थान रहा।

2.1.3 अभ्युक्ति श्रेणियों का क्षेत्र-वार वितरण और संबंधित कर प्रभाव

लेखापरीक्षा के दौरान उठाई गई अभ्युक्तियों को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जैसे कि कर/अधिभार की गलत दर, आयकर अधिनियम में अनुचित तरीके से ली गई निर्धारित आय, धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी (68 से 69डी) के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के समक्ष हानियों का त्रुटिपूर्ण समायोजन

और धारा 68 से 69डी के अंतर्गत कर मांग से छूट गई अस्पष्टीकृत आय। लेखापरीक्षा में इन चार श्रेणियों में अभ्युक्तियों के क्षेत्र-वार वितरण और संबंधित कर प्रभाव का विश्लेषण किया गया, जिसका परिणाम नीचे तालिका 2.2 में दिया गया है:

तालिका 2.2: अभ्युक्तियों की श्रेणी

(₹ करोड़ में)

क्षेत्र	अभ्युक्तियों की श्रेणी							
	क-कर/अधिभार की गलत दर		ख-आईटीएनएस में अनुचित तरीके से ली गई निर्धारित आय		ग-धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के समक्ष हानियों का गलत समायोजन		घ-धारा 68/69 के अंतर्गत कर की मांग से छूट गई अस्पष्टीकृत आय	
	अभ्युक्तियों की संख्या	कर प्रभाव	अभ्युक्तियों की संख्या	कर प्रभाव	अभ्युक्तियों की संख्या	कर प्रभाव	अभ्युक्तियों की संख्या	कर प्रभाव
आंध्र प्रदेश और तेलंगाना	76	343	51	122	4	44	13	85
बिहार और झारखंड	78	67	3	3			29	65
दिल्ली	233	2,299	114	596	17	80	265	13,764
गुजरात	53	72	7	15	1	1	26	265
अंतर्राष्ट्रीय कराधान	6	30	2	1				
कर्नाटक और गोवा	33	65	8	29	2	30	5	142
केरल	18	34	5	7	1	4	13	25
मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़	87	152	76	96	4	45	91	2,071
मुंबई	43	491	1	1	15	85	37	640
नागपुर	4	5					1	3
उत्तर पूर्वी क्षेत्र	7	3						
उत्तर पश्चिमी क्षेत्र	23	176	15	184	3	49	20	412
ओडिशा	21	26	12	40	1	1	2	3
पुणे	14	55	1	1	1	3	20	839
राजस्थान	56	52	20	25	4	2	4	3
तमिलनाडु और पुडुचेरी	79	487	6	89	2	1	8	68
उत्तर प्रदेश (पूर्वी)	19	31	6	15			10	37
उत्तर प्रदेश (पश्चिमी) और उत्तराखंड	33	130	4	6			9	111
पश्चिम बंगाल और सिक्किम	43	188			1	5	36	266
सकल कुल	**926**	**4,706**	**331**	**1,230**	**56**	**349**	**589**	**18,799**

जैसा कि उपरोक्त तालिका 2.2 से देखा जा सकता है, 1,902 निर्धारणों में से, सबसे अधिक निर्धारण "श्रेणी क - कर/अधिभार की गलत दर" के अंतर्गत आते हैं, जो 926 निर्धारणों हेतु जिम्मेदार हैं, इसके पश्चात "श्रेणी घ - धारा 68 से 69डी के अंतर्गत कर से बचने वाली अस्पष्टीकृत आय" के अंतर्गत 589 अभ्युक्तियाँ आती हैं।

श्रेणी 'क' के अंतर्गत, दिल्ली क्षेत्र में सबसे अधिक अभ्युक्तियाँ (233) थे, उसके पश्चात मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्र (87) थे और श्रेणी 'घ' में, दिल्ली क्षेत्र में सबसे अधिक अभ्युक्तियाँ (265) थीं, उसके पश्चात मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्र (91) थे।

2.1.4 अभ्युक्तियों का श्रेणी-वार वितरण और कर-प्रभाव

आयकर विभाग के 19 क्षेत्रों में कुल 1,902 अभ्युक्तियाँ उठाई गईं, जिनका कुल कर प्रभाव ₹ 25,085 करोड़ था। इन अभ्युक्तियों को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जैसे: कर/अधिभार की गलत दर, आयकर विवरण में गलत तरीके से दर्ज की गई निर्धारित आय, धारा 68 से 69डी के अंतर्गत किए गए अतिरिक्त करों के विरुद्ध हानियों का गलत समायोजन और धारा 68 से 69डी के अंतर्गत कर मांग से छूट गई अस्पष्टीकृत आय। नीचे दिया गया चार्ट 2.2 अभ्युक्तियों का श्रेणी-वार वितरण और संबंधित कर प्रभाव दर्शाता है।

चार्ट 2.2: कर प्रभाव तथा अभ्युक्तियों का श्रेणीवार वितरण



जैसा कि ऊपर चार्ट 2.2 में देखा गया है, श्रेणी क के अंतर्गत कुल 926 अभ्युक्तियाँ और श्रेणी ख के अंतर्गत 331 अभ्युक्तियाँ दर्ज की गईं, जिनका कर प्रभाव क्रमशः ₹ 4,706 करोड़ और ₹ 1,230 करोड़ था। इसके अतिरिक्त, श्रेणी ग और घ के अंतर्गत क्रमशः 56 और 589 अभ्युक्तियाँ दर्ज की गईं, जिनका कर प्रभाव क्रमशः ₹ 349 करोड़ और ₹ 18,799 करोड़ था।

2.1.5 संबंधित कर-प्रभाव के साथ अभ्युक्तियों के वितरण का विवरण

कर प्रभाव के आधार पर अभ्युक्तियों के वितरण का पता लगाने हेतु, लेखापरीक्षा के दौरान उठाई गईं अभ्युक्तियाँ (1,902) का विश्लेषण किया गया और उन्हें कर प्रभाव के आधार पर श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया। नीचे दी गई तालिका 2.3 में संबंधित कर प्रभाव के साथ क्षेत्र-वार अभ्युक्तियों का वितरण दर्शाया गया है।

तालिका 2.3: कर प्रभाव के साथ अभ्युक्तियों का क्षेत्र-वार वितरण

क्षेत्र	कर प्रभाव स्लैब (₹ करोड़ में)												कुल अभ्युक्तियाँ	कुल कर प्रभाव
	₹ 50 करोड़ तक		₹ 50 करोड़ से अधिक तथा ₹ 200 करोड़ तक		₹ 200 करोड़ से अधिक तथा ₹ 400 करोड़ तक		₹ 400 करोड़ से अधिक तथा ₹ 700 करोड़ तक		₹ 700 करोड़ से अधिक तथा ₹ 1,000 करोड़ तक		₹ 1,000 करोड़ से अधिक तथा ₹ 1,400 करोड़ तक			
	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव		
आंध्र प्रदेश और तेलंगाना	142	449	2	144	0	0	0	0	0	0	0	0	**144**	**593**
बिहार और झारखंड	110	136	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**110**	**136**
दिल्ली	561	4,048	56	5,559	5	1,321	3	1,587	2	1,827	2	2,397	**629**	**16,739**
गुजरात	86	176	1	177	0	0	0	0	0	0	0	0	**87**	**353**
अंतर्राष्ट्रीय कराधान	8	31	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**8**	**31**
कर्नाटक और गोवा	47	157	1	110	0	0	0	0	0	0	0	0	**48**	**267**
केरल	37	70	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**37**	**70**
मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़	250	747	6	470	1	282	0	0	1	865	0	0	**258**	**2,364**
मुंबई	91	614	4	370	1	233	0	0	0	0	0	0	**96**	**1,217**
नागपुर	5	8	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**5**	**8**
उत्तर पूर्वी क्षेत्र	7	3	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**7**	**3**

तालिका 2.3: कर प्रभाव के साथ अभ्युक्तियों का क्षेत्र-वार वितरण														
क्षेत्र	कर प्रभाव स्लैब								(₹ करोड़ में)				कुल अभ्युक्तियाँ	कुल कर प्रभाव
	₹ 50 करोड़ तक		₹ 50 करोड़ से अधिक तथा ₹ 200 करोड़ तक		₹ 200 करोड़ से अधिक तथा ₹ 400 करोड़ तक		₹ 400 करोड़ से अधिक तथा ₹ 700 करोड़ तक		₹ 700 करोड़ से अधिक तथा ₹ 1,000 करोड़ तक		₹ 1,000 करोड़ से अधिक तथा ₹ 1,400 करोड़ तक			
	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव		
उत्तर पश्चिमी क्षेत्र	56	427	5	393	0	0	0	0	0	0	0	0	**61**	**820**
ओडिशा	36	70	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**36**	**70**
पुणे	33	134	1	57	1	277	1	429	0	0	0	0	**36**	**898**
राजस्थान	84	82	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**84**	**82**
तमिलनाडु और पुडुचेरी	93	504	2	142	0	0	0	0	0	0	0	0	**95**	**646**
उत्तर प्रदेश (पूर्वी)	35	82	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**35**	**82**
उत्तर प्रदेश (पश्चिमी) और उत्तराखंड	46	247	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	**46**	**247**
पश्चिम बंगाल और सिक्किम	78	342	2	117	0	0	0	0	0	0	0	0	**80**	**459**
सकल कुल	**1,805**	**8,327**	**80**	**7,539**	**8**	**2,114**	**4**	**2,016**	**3**	**2,692**	**2**	**2,397**	**1,902**	**25,085**

जैसा कि ऊपर तालिका 2.3 में दिखाया गया है, दिल्ली क्षेत्र का संचयी कर प्रभाव सबसे अधिक ₹ 16,739 करोड़ रहा, इसके बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्रों का ₹ 2,364 करोड़ और मुंबई क्षेत्र का ₹ 1,217 करोड़ रहा।

आगे, उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि कुल 1,902 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से 95 *प्रतिशत* में कर प्रभाव ₹ 50 करोड़ तक का था। इस श्रेणी में दिल्ली क्षेत्र में सर्वाधिक 561 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ दर्ज की गईं, जिनमें कर प्रभाव ₹ 4,048 करोड़ था। इसके बाद मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ क्षेत्र का स्थान रहा, जहाँ 250 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में ₹ 747 करोड़ का कर प्रभाव था, और मुंबई क्षेत्र में 91 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में ₹ 614 करोड़ का कर प्रभाव पाया गया।

नीचे दी गई तालिका 2.4 में ₹ 50 करोड़ से कम के कर प्रभाव वाली क्षेत्र-वार अभ्युक्तियों का विस्तृत वितरण दिया गया है।

तालिका 2.4: ₹ 50 करोड़ से कम कर प्रभाव वाली अभ्युक्तियों का क्षेत्र-वार वितरण												
	कर प्रभाव स्लैब								(₹ करोड़ में)			
क्षेत्र	₹ 10 करोड़ तक		₹ 10 करोड़ से अधिक तथा ₹ 20 करोड़ तक		₹ 20 करोड़ से अधिक तथा ₹ 30 करोड़ तक		₹ 30 करोड़ से अधिक तथा ₹ 40 करोड़ तक		₹ 40 करोड़ से अधिक तथा ₹ 50 करोड़ तक		कुल अभ्युक्तियाँ	कुल कर प्रभाव
	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव	सं.	कर प्रभाव		
आंध्र प्रदेश और तेलंगाना	135	287	3	46	2	51	2	65	0	0	142	449
बिहार और झारखंड	107	97	3	39	0	0	0	0	0	0	110	136
दिल्ली	429	1045	57	852	47	1,154	22	739	6	258	561	4048
गुजरात	81	113	5	63	0	0	0	0	0	0	86	176
अंतर्राष्ट्रीय कराधान	6	4	2	27	0	0	0	0	0	0	8	31
कर्नाटक और गोवा	45	102	0	0	2	55	0	0	0	0	47	157
केरल	36	59	1	11	0	0	0	0	0	0	37	70
मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़	233	373	9	133	3	71	5	171	0	0	250	747
मुंबई	74	224	7	96	7	164	0	0	3	130	91	614
नागपुर	5	8	0	0	0	0	0	0	0	0	5	8
उत्तर पूर्वी क्षेत्र	7	3	0	0	0	0	0	0	0	0	7	3
उत्तर पश्चिमी क्षेत्र	38	108	14	213	3	75	1	31	0	0	56	427
ओडिशा	35	50	1	20	0	0	0	0	0	0	36	70
पुणे	30	70	2	22	0	0	0	0	1	42	33	134
राजस्थान	83	71	1	10	0	0	0	0	0	0	84	81
तमिलनाडु और पुडुचेरी	76	226	14	182	2	50	0	0	1	46	93	504
उत्तर प्रदेश (पूर्वी)	34	69	1	13	0	0	0	0	0	0	35	82
उत्तर प्रदेश (पश्चिमी) और उत्तराखंड	39	71	3	37	1	20	2	75	1	44	46	247
पश्चिम बंगाल और सिक्किम	71	144	2	31	3	80	0	0	2	87	78	342
सकल कुल	**1,564**	**3,124**	**125**	**1,795**	**70**	**1,720**	**32**	**1,081**	**14**	**607**	**1,805**	**8,327**

जैसा कि ऊपर दी गई तालिका 2.4 में देखा गया है, ₹ 50 करोड़ से कम कर प्रभाव वाली 1,805 अभ्युक्तियों में से 1,564 अभ्युक्तियाँ (82 *प्रतिशत*) जारी की गईं, जहाँ कर प्रभाव ₹ 10 करोड़ से कम था। इसके अलावा, इस श्रेणी के अंतर्गत, यानी ₹ 10 करोड़ से कम कर प्रभाव वाली लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में, ₹ 1,045 करोड़ के कर-प्रभाव वाली 429 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के साथ सबसे

अधिक संख्या दिल्ली क्षेत्र में थी, इसके बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्र में ₹ 373 करोड़ के कर प्रभाव वाली 233 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना क्षेत्र में ₹ 287 करोड़ के कर प्रभाव वाली 135 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ थी।

2.2 अभ्युक्तियों पर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की क्षेत्र-वार स्थिति

लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के उत्तर में आईटडी के विभिन्न क्षेत्रों के प्रदर्शन का निर्धारण करने के लिए, लेखापरीक्षा ने उपचारात्मक कार्रवाईयों पर उपलब्ध आँकड़ों का विश्लेषण किया। नीचे दी गई तालिका 2.5 में वर्ष 2018-19 से 2022-23 की अवधि के दौरान जारी लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों के उत्तर में विभाग द्वारा की गई कार्रवाईयों की क्षेत्र-वार स्थिति प्रस्तुत की गई है।

तालिका 2.5: लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की क्षेत्र-वार स्थिति

क्षेत्र	उपचारात्मक कार्रवाई पूर्ण	उपचारात्मक कार्रवाई शुरू	उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई	कोई उत्तर नहीं	कुल
आंध्र प्रदेश और तेलंगाना	116	9	1	18	144
बिहार और झारखंड	91	19			110
दिल्ली	288	151	18	172	629
गुजरात	75	12			87
अंतर्राष्ट्रीय कराधान	5	1		2	8
कर्नाटक और गोवा	39	4	1	4	48
केरल	31	2			33
मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़	228	20	6	4	258
मुंबई	62	27	5	2	96
नागपुर	5	0			5
उत्तर पूर्वी क्षेत्र	7	0			7
उत्तर पश्चिमी क्षेत्र	38	3	7	13	61
ओडिशा	19	17			36
पुणे	23	9	1	3	36
राजस्थान	83	1			84
तमिलनाडु और पुडुचेरी	96	3			99
उत्तर प्रदेश (पूर्वी)	34	1			35
उत्तर प्रदेश (पश्चिमी) और उत्तराखंड	46				46
पश्चिम बंगाल और सिक्किम	76	2		2	80
सकल कुल	**1,362**	**281**	**39**	**220**	**1,902**

कुल 1,902 अभ्युक्तियों में से विभाग ने 1,362 मामलों (71 *प्रतिशत*) में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की है और 281 मामलों (14 *प्रतिशत*) में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की है। 39 (दो *प्रतिशत*) अभ्युक्तियों में कोई उपचारात्मक कार्रवाई

नहीं की है, जबकि शेष 220 मामलों (11 *प्रतिशत*) के लिए विभाग द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया है (मई 2026)।

उपचारात्मक कार्रवाई पूरी करने/शुरू करने वाले मामलों की सबसे अधिक संख्या दिल्ली क्षेत्र (439 मामले) में थी, इसके बाद मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ क्षेत्र (248) थे। जबकि उन अभ्युक्तियों की संख्या जहां उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई या विभाग द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया, वे भी दिल्ली क्षेत्र (190 मामले) में सबसे अधिक थी, इसके बाद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना क्षेत्र के (19 मामले) थे।

इसके अलावा, विभाग द्वारा उन्हें जारी की गई अभ्युक्तियों पर की गई कार्रवाई सभी चार श्रेणियों में भिन्न होती है। कर/अधिभार की गलत दर, आईटीएनएस में त्रुटिपूर्ण तरीके से दर्शाई गई निर्धारित आय, धारा 68 से 69डी के अंतर्गत की गई वृद्धि के प्रति हानि का गलत समायोजन और धारा 68 से 69डी के अंतर्गत कर मांग से बचने वाली अस्पष्टीकृत आय, जैसा कि नीचे दिए गए चार्ट 2.3 में चर्चा की गई है।

चार्ट 2.3: विभाग द्वारा की गई कार्रवाई का श्रेणी-वार वितरण



विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के श्रेणी-वार वितरण का लेखापरीक्षा विश्लेषण नीचे विस्तृत है:

क) **श्रेणी क: कर/अधिभार की गलत दरः** लेखापरीक्षा में उल्लेख किया गया है कि 779 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की गई, जबकि 107 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की गई। इसके अलावा, नौ अभ्युक्तियों में कोई उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, और 36 अभ्युक्तियों में कोई उत्तर नहीं दिया गया।

ख) **श्रेणी ख: आईटीएनएस में गलत तरीके से ली गई निर्धारित आय:** लेखापरीक्षा में पाया गया कि 253 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की गई, जबकि 53 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की गई। हालांकि, 4 अभ्युक्तियों में कोई उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, और 21 अभ्युक्तियों में कोई उत्तर नहीं दिया गया।

ग) **श्रेणी ग: धारा 68 से 69डी के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के प्रति हानियों का गलत समायोजन:** लेखापरीक्षा में पाया गया कि 37 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी हो चुकी है, जबकि 15 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की है। इसके अलावा, तीन अभ्युक्तियों में कोई उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की है, और एक अभ्युक्ति में कोई उत्तर नहीं दिया है।

घ) **श्रेणी घ: धारा 68 से 69डी के अंतर्गत कर मांग से छूट गई अस्पष्टिकृत आय:** लेखापरीक्षा में पाया गया कि 293 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी हो चुकी है, जबकि 106 अभ्युक्तियों में उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की गई। इसके अलावा, 31 अभ्युक्तियों में कोई उपचारात्मक कार्रवाई नहीं की गई, और 159 अभ्युक्तियों में कोई उत्तर नहीं दिया गया।

2.3 विभाग द्वारा की गई आंतरिक लेखापरीक्षा का विवरण

विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष पूरा किए गए निर्धारणों का विभाग द्वारा तय किए गए मापदंडों के आधार पर विभाग के आंतरिक लेखापरीक्षा दल (आईएपी) द्वारा आंतरिक रूप से लेखापरीक्षण किया जाता है। नीचे दी गई तालिका में उन निर्धारणों पर विभाग द्वारा की गई आंतरिक लेखापरीक्षा की क्षेत्र-वार स्थिति का सारांश दिया गया है जहां इस प्रतिवेदन में लेखापरीक्षा द्वारा अभ्युक्तियाँ की गई।

तालिका 2.6: आईएपी द्वारा की गई आंतरिक लेखापरीक्षा का विवरण				
क्षेत्र	**नहीं किया गया**	**किया गया**	**ज्ञात नहीं**	**कुल**
आंध्र प्रदेश और तेलंगाना	139	5		144
बिहार और झारखंड	110			110
दिल्ली	540	89		629
गुजरात	87			87
अंतर्राष्ट्रीय कराधान	8			8
कर्नाटक और गोवा	48			48
केरल	28	9		37
मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़	236		22	258
मुंबई	96			96
नागपुर	5			5
पूर्वोत्तर क्षेत्र	7			7
पश्चिमोत्तर क्षेत्र	61			61
ओडिशा	36			36
पुणे	36			36
राजस्थान	84			84
तमिलनाडु और पुडुचेरी	95			95
उत्तर प्रदेश (पूर्वी)	35			35
उत्तर प्रदेश (पश्चिमी) और उत्तराखंड	46			46
पश्चिम बंगाल और सिक्किम	80			80
सकल कुल	**1,777**	**103**	**22**	**1,902**

जैसा कि ऊपर दी गई तालिका 2.6 में देखा गया है, कुल 1,902 निर्धारणों में से 93 *प्रतिशत* (1,777) का आईएपी द्वारा लेखापरीक्षण नहीं किया गया। इसके अलावा, क्षेत्र-वार विभाजन से पता चलता है कि आईएपी ने केवल चार क्षेत्रों में निर्धारण का लेखापरीक्षण किया है। दिल्ली, केरल, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, और ओडिशा का क्रमशः वर्ष 2018-19 से 2022-23 के दौरान 89, 9, 3 और 2 निर्धारणों के लिए लेखापरीक्षण किया गया, उन मामलों में जहां लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ की गई थी।

इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा ने नोट किया कि आईएपी ने दिल्ली क्षेत्र में 17 निर्धारणों में कुछ मुद्दों के बारे में अभ्युक्तियाँ कीं, जिन्हें लेखापरीक्षा द्वारा पहले ही उठाया जा चुका था।

2.4 विभाग द्वारा विस्तृत जांच के लिए मामलों के चयन के कारण

निर्धारिती द्वारा दाखिल आयकर विवरणी (आईटीआर) को सबसे पहले बेंगलुरु में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में पूरी तरह से स्वचालित वातावरण में संक्षिप्त तरीके से संसाधित किया जाता है। इसके बाद, कंप्यूटर एडेड स्क्रूटनी सिलेक्शन (सीएएसएस) नामक एक स्वचालित प्रणाली का उपयोग करके विस्तृत जांच के लिए उपरोक्त मामलों की एक छोटी संख्या का चयन किया जाता है। कुछ मामलों में, इन्हें सीबीडीटी दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारण अधिकारियों द्वारा भौतिक तौर पर चुना जाता है। इसके अलावा, सर्वेक्षण/तलाशी और जब्ती के आधार पर विस्तृत जांच निर्धारण (धारा 153ए/153सी के अंतर्गत) के लिए भी मामलों का चयन किया जाता है। इसके अलावा, आय को छिपाने के संबंध में विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर, धारा 148/147 के अंतर्गत मामलों को पुनः खोला जाता है।

लेखापरीक्षा में उन कारणों का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया जिनके आधार पर विभाग ने उन मामलों का चयन किया जिनमें लेखापरीक्षा संबंधी अभ्युक्तियाँ पाई गईं। इस विश्लेषण के लिए लेखापरीक्षा ने निर्धारण अभिलेखों से उपरोक्त जानकारी एकत्र की और उसका विश्लेषण किया, जिसमें लेखापरीक्षा के दौरान उठाई गई 1,902 अभ्युक्तियों से संबंधित जानकारी शामिल थी, जिसके परिणाम नीचे चार्ट 2.4 में दर्शाए गए हैं:

चार्ट 2.4: विस्तृत जांच के लिए मामलों के चयन के कारण



जैसा कि उपरोक्त चार्ट 2.4 से देखा जाता है, 1,902 मामलों में से 836 मामले (44 *प्रतिशत*) धारा 148/147 के अंतर्गत फिर से खोले गए, 191 मामले (10 *प्रतिशत*) तलाशी और जब्ती/सर्वेक्षण निर्धारण के थे, 164 मामले (9 *प्रतिशत*) 'नोटबंदी/ऑपरेशन क्लीन मनी' आदि के दौरान नकद जमा होने के कारण चुने गए। इसके अलावा, लेखापरीक्षा 635 मामलों (33 *प्रतिशत*) में विस्तृत जांच के लिए मामलों के चयन के कारणों का पता नहीं लगा सकी।

अध्याय 3: अनुपालन मुद्दे

इस अध्याय में लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर चर्चा की गई है, जिन्हें व्यापक रूप से चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है, जैसे कि कर और अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग; गणना विवरण में निर्धारित आय का गलत तरीके से समावेशन; धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के प्रति हानियों का गलत समायोजन और धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अंतर्गत मानी गई आय से संबंधित निर्धारण से छूट गई आय। श्रेणी-वार लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का सारांश नीचे तालिकाबद्ध किया गया है:

तालिका 3.1: श्रेणी-वार लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ

श्रेणी	लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों की संख्या			कुल कर प्रभाव (₹ करोड़ में)		
	नि.व. 2013-14 के पूर्व	नि.व. 2013-14 से आगे	कुल	नि.व. 2013-14 के पूर्व	नि.व. 2013-14 से आगे	कुल
क. कर/ अधिभार के गलत दर का अनु प्रयोग	9	917	926	76	4,631	4,707
ख. कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना करना	2	329	331	2	1,228	1,230
ग. धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी, 69डी के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के प्रति हानि का गलत समायोजन	-	56	56	-	349	349
घ. धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के तहत मानी गई आय से संबंधित ऐसी आय जिस पर कर का आकलन नहीं हो पाया	40	549	589	1,868	16,931	18,799
कुल	**51**	**1,851**	**1,902**	**1,946**	**23,139**	**25,085**

श्रेणी-वार लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों पर बाद के पैराग्राफ में चर्चा की गई है।

3.1 कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग

हमने 23 राज्यों[2] में ₹ 4,707 करोड़ के कर प्रभाव से जुड़े कर/अधिभार की दर के गलत अनुप्रयोग से संबंधित 926 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को देखा। 926 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से, ₹ 4,384 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 889 अभ्युक्तियां कर/अधिभार के कम उद्‌ग्रहण से संबंधित थीं, जबकि ₹ 323 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 37 अभ्युक्तियां कर/अधिभार के अतिरिक्त उद्‌ग्रहण से संबंधित थीं।

अधिनियम की धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार, यदि किसी निर्धारिती की कुल आय में धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी या धारा 69डी में उल्लिखित कोई आय शामिल है, तो देय आयकर की राशि ऐसी आय पर साठ प्रतिशत की दर से और इस कर पर पच्चीस प्रतिशत की दर से अधिभार 01/04/2017 से लागू होगा।

3.1.1 कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्‌ग्रहण

889 मामलों में से, जहां निर्धारण अधिकारी ने कर/अधिभार की गलत दर लागू की जिसके परिणामस्वरूप कर/अधिभार का कम उद्‌ग्रहण हुआ, मंत्रालय/विभाग ने 850 मामलों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की है/शुरू की है। शेष 39 मामलों में विभाग द्‌वारा या तो कोई कार्रवाई नहीं की गई या उत्तर प्रतीक्षित है। इन 889 मामलों में से, विभिन्न प्रभारों से संबंधित 19 मामलों को नीचे संक्षेपित किया गया है:

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्‌ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्‌वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)

क्र. सं.	प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार	निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.	कर प्रभाव (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार	उत्तर की स्थिति/विभाग द्‌वारा की गई कार्रवाई
1.	प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-1, दिल्ली	मेसर्स एस1/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	1,003.02	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 1,669.09 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* पर अधिभार की अपेक्षा 30 *प्रतिशत* की	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और अप्रैल 2021 में अधिनियम की धारा 154/143(3) के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि

[2] आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				कर दर और 12 *प्रतिशत* का अधिभार लागू किया। धारा 234ए के अंतर्गत अतिरिक्त ब्याज गलत तरीके से पांच महीने की अपेक्षा दो महीने के लिए लगाया गया।	ठीक किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
2.	प्रधान आयकर आयुक्त 6, मुंबई	मेसर्स ए13 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2018-19	118.45	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 177.30 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा 25 *प्रतिशत* की कर दर और 12 *प्रतिशत* अधिभार लागू किया।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और अगस्त 2024 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
3.	प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-3, दिल्ली	मेसर्स एन4 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	85.55	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68/69 के अंतर्गत ₹ 130.24 करोड़ का जोड़ किया और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की। इसके अलावा, निर्धारण अधिकारी ने धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धन की अपेक्षा चालू वर्ष के ₹ 20.45 करोड़ के हानि को कम करने की अनुमति दी। इसके अलावा, धारा 234ए(3) के अंतर्गत ₹ 4.02 करोड़ का ब्याज	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और जनवरी 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालांकि, धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करते समय, धारा 234बी के अंतर्गत 38 महीने के लिए गलत तरीके से ब्याज लगाया गया, जिसे ठीक करने की आवश्यकता थी। हालाँकि, लेखापरीक्षा

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				नहीं लगाया गया, धारा 234बी के अंतर्गत 33 महीने की अपेक्षा 38 महीने के लिए गलत तरीके से ब्याज लगाया गया और पहले से जारी किए गए ₹ 13.18 लाख के प्रतिदाय पर धारा 234डी के अंतर्गत ब्याज नहीं लगाया गया।	में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
4	प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-1, मुंबई	एम3 (एचयूएफ) XXXXXXXXXX/ एचयूएफ/ 2018-19	75.33	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 और 69सी के अंतर्गत ₹ 104.02 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और नवंबर 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
5	प्रधान आयकर आयुक्त-7, दिल्ली	मेसर्स एस3 लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	70.69	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 77.83 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने जुलाई 2023 में अपने उत्तर में कहा कि विभाग द्वारा गलत कर और गणना के मुद्दे पर उपचारात्मक कार्रवाई की जा रही है। उपचारात्मक कार्रवाई के आगे के विवरण की प्रतीक्षा है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
6	प्रधान आयकर आयुक्त, विशाखापटनम	ए9 प्राइवेट लिमिटेड/	64.69	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68/69/69ए के अंतर्गत ₹ 108.36	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और मार्च 2023 में

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
		XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2018-19		करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
7	प्रधान आयकर आयुक्त-1, चंडीगढ़	के5/ XXXXXXXXXX/ फर्म/ 2017-18	53.64	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 58.24 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और मार्च 2024 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
8	प्रधान आयकर आयुक्त-6, दिल्ली	मेसर्स एम7 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	51.04	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 90 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा 30 *प्रतिशत* पर कर और 12 *प्रतिशत* पर अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और दिसंबर 2021 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
9.	प्रधान आयकर आयुक्त-8, मुंबई	मेसर्स एन3 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2018-19	44.95	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69सी के अंतर्गत ₹ 72.33 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और कहा (जुलाई 2023) कि धारा 154 के अंतर्गत उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी। उपचारात्मक कार्रवाई के विवरण की प्रतीक्षा है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
10.	प्रधान आयकर आयुक्त-1 कानपुर	बी1/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2014-15 और 2015-16	43.54	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण वर्ष 2014-15 और 2015-16 के लिए धारा 69ए के अंतर्गत क्रमशः ₹ 15.51 करोड़ और ₹ 31.66 करोड़ की राशि जोड़ी। आईटीएनएस में निर्धारित आय को सही ढंग से शामिल किया गया था, लेकिन उस पर देय कर की गणना नहीं की गई थी।	विभाग ने दिसंबर 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
11.	प्रधान आयकर आयुक्त-1, मुंबई	मेसर्स एन1 लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	42.74	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 49.98 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और फरवरी 2024 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
12	आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-1, पुणे	जी1 इंडस्ट्रीज/ XXXXXXXXXX/ फर्म/ 2017-18	42.08	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 30.69 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने कहा (सितंबर 2022) कि अभ्युक्ति प्रथम दृष्टया स्वीकार्य था और उपचारात्मक कार्रवाई की जा रही थी। आगे के उत्तर की प्रतीक्षा थी। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
13.	प्रधान आयकर आयुक्त-4, चेन्नई	मेसर्स पी4 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	29.37	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 50.37 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने मार्च 2024 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
14.	प्रधान आयकर आयुक्त-5, कोलकाता	मेसर्स के3 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	24.25	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 38.17 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और जून 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)

क्र. सं.	प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार	निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.	कर प्रभाव (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार	उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई
15.	प्रधान आयकर आयुक्त, गांधीनगर	एम2/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2017-18	19.89	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 27.97 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और नवंबर 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
16.	प्रधान आयकर आयुक्त-1 इंदौर	आर4/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2017-18	15.90	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 22.23 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने अगस्त 2024 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
17.	प्रधान आयकर आयुक्त, रांची	मेसर्स आर7 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2018-19	14.15	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 21.12 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और सितंबर 2023 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है।

तालिका 3.2: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण - (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/ पैन/स्थिति/ नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
					मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
18.	प्रधान आयकर आयुक्त, आगरा	एस6/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2017-18	13.18	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 14.58 करोड़ जोड़े और 60 *प्रतिशत* की लागू दर और 25 *प्रतिशत* अधिभार की अपेक्षा कर और अधिभार की सामान्य दर लागू की।	विभाग ने मार्च 2023 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
19.	प्रधान आयकर आयुक्त-1, हैदराबाद	यू3/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2017-18	79.78	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, प्रावधानों के अनुसार धारा 68 के अंतर्गत आय के लिए 60 *प्रतिशत* की लागू कर की दर के बजाय, धारा 68 के अंतर्गत किए गए ₹ 93.10 करोड़ के अतिरिक्त पर 20 *प्रतिशत* यानी दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ पर लागू कर की दर लागू की। इस चूक के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 79.78 करोड़ का कम उद्ग्रहण हुआ।	विभाग ने लेखापरीक्षा की आपत्ति को स्वीकार कर लिया और अक्तूबर 2022 में धारा 154 के अंतर्गत सुधार के लिए निर्धारिती को नोटिस जारी किया। हालाँकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

इसके अलावा, जहां निर्धारण अधिकारी ने कर/अधिभार की गलत दर लागू की है, जिसके परिणामस्वरूप कर/अधिभार का कम उद्ग्रहण हुआ, विभिन्न प्रभारों के तीन मामलों पर नीचे चर्चा की गई है:

3.1.1.1 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त-2, बेंगलुरु
निर्धारिती का नाम : मेसर्स यू1 प्राइवेट लिमिटेड
निर्धारण वर्ष : 2017-18
स्थिति : कंपनी

मार्च 2022 में धारा 147 को धारा 144 और 144बी के साथ मिलाकर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, निर्धारण अधिकारी ने धारा 69सी के अंतर्गत अस्पष्टीकृत व्यय के मद में ₹ 1.97 लाख, धारा 69 के अंतर्गत अस्पष्टीकृत निवेश के मद में ₹ 80.93 लाख, धारा 69सी के अंतर्गत अस्पष्टीकृत व्यय के मद में ₹ 10.58 करोड़ और धारा 69ए के अंतर्गत अस्पष्टीकृत धन के मद में ₹ 14.09 लाख की राशि को जोड़कर ₹ 11.55 करोड़ की आय निर्धारित की। लेखापरीक्षा जांच में पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, अधिनियम की धारा 69, 69ए और 69सी के अंतर्गत किए गए ₹ 11.55 करोड़ के परिवर्धन पर विदेशी कंपनी पर लागू सामान्य कर दर लागू की, जबकि उक्त धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार 60 *प्रतिशत* की विशेष कर दर और 25 *प्रतिशत* का अधिभार लागू होना चाहिए था। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 8.36 करोड़ के कर की कम वसूली हुई।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति दिसंबर 2022 में विभाग को जारी किया गया था।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (फरवरी 2026) कहा कि फरवरी 2025 में धारा 154 के तहत सुधार आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।

3.1.1.2 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त-7, दिल्ली
निर्धारिती का नाम : मेसर्स टी2 प्राइवेट लिमिटेड
निर्धारण वर्ष : 2018-19
स्थिति : कंपनी

निर्धारण अधिकारी ने जून 2021 में धारा 143(3) के अंतर्गत ₹ 50.85 करोड़ की आय के आकलन को अंतिम रूप देते हुए अविवरणीकृत ऋणों और अग्रिम के कारण ₹ 13.94 करोड़ और अविवरणीकृत दीर्घकालिक ऋण के कारण

₹ 36.92 करोड़ की, दाखिल ₹ 0.91 लाख के हानि में, वृद्धि की। निर्धारण अधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्धारित आय पर धारा 115बीबीई के अंतर्गत विशेष दर पर कर लगाया जाएगा। लेखापरीक्षा से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देनदारी की गणना करते समय, प्रावधानों के अनुसार 60 *प्रतिशत* और 25 *प्रतिशत* की लागू दरों की अपेक्षा ₹ 50.86 करोड़ की अविवरणीकृत आय पर 30 *प्रतिशत* की कर दर और 12 *प्रतिशत* का अधिभार लगाया।

इसके अलावा, लेखापरीक्षा ने नोट किया कि धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए जोड़ को चालू वर्ष के ₹ 0.91 लाख के हानि के प्रति निर्धारित किया गया, जिसे धारा 115बीबीई के संशोधित प्रावधान के अनुसार निर्धारित करने की अनुमति नहीं थी। इस त्रुटि के कारण ब्याज सहित ₹ 35.70 करोड़ कर का कम उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति अप्रैल 2022 में विभाग को जारी किया गया।

लेखापरीक्षा अभ्युक्तिको स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (फरवरी 2026) कहा कि नवंबर 2024 में धारा 154 के तहत एक सुधार आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।

3.1.1.3	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-4, हैदराबाद**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स पी1 लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2018-19**
	स्थिति	**: कंपनी**

निर्धारण अधिकारी ने मई 2021 में अधिनियम की धारा 144बी के साथ पठित धारा 143(3) के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 42.61 करोड़ और सामान्य आय के अंतर्गत ₹ 1.85 करोड़ का कुछ जोड़ करने के बाद ₹ 39.67 करोड़ की आय निर्धारित की। लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने करदाता की कर देनदारी तय करते समय, ₹ 4.78 करोड़ के घोषित हानि में ₹ 1.85 करोड़ सामान्य आय के साथ समायोजित किया और बाकी बचे ₹ 2.93 करोड़ के नुकसान को धारा 69ए के तहत जोड़ी गई आय के साथ समायोजन किया। इसके अलावा, धारा 69ए के

तहत तय की गई ₹ 39.67 करोड़ (₹ 42.61 करोड़ में से ₹ 2.93 करोड़ घटाकर) की बाकी आय पर सामान्य दरों से कर लगाया गया। धारा 115बीबीई के संशोधित प्रावधान के अनुसार, धारा 69ए के तहत तय आय के प्रति हानि को समायोजित करने की अनुमति नहीं है, और धारा 69ए के तहत तय आय पर 60 *प्रतिशत* की विशेष दर से कर लगता है। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 30.93 करोड़ का कर कम लगाया गया।

विभाग को लेखापरीक्षा अभ्युक्ति दिसंबर 2021 में जारी की गई।

मंत्रालय ने अपने उत्तर में कहा (मार्च 2026) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया गया और सितंबर 2022 में धारा 154 के तहत नोटिस जारी करके उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की गई। इसके अलावा, यह कहा गया कि धारा 154 के तहत नोटिस के जवाब में, निर्धारिती कंपनी ने कर की विवादित राशि की वसूली सहित सभी आगे की कार्यवाही पर रोक लगाने की प्रार्थना करते हुए माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की। माननीय उच्च न्यायालय ने दिनांक 17/06/2021 के आदेश द्वारा निर्धारिती को आगे की सभी कार्यवाहियों पर अंतरिम रोक लगा दी।

लेखापरीक्षा इस मामले में आगे के परिणाम की प्रतीक्षा करेगा।

3.1.2 कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का अतिरिक्त उद्ग्रहण

37 मामलों में जहां निर्धारण अधिकारी ने कर/अधिभार की गलत दर लागू की जिसके परिणामस्वरूप कर/अधिभार अधिक लगाया गया, मंत्रालय/विभाग ने 36 मामलों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की/शुरू की। शेष एक मामला में, मंत्रालय/विभाग से उत्तर प्रतीक्षारत है। 36 मामलों में से, अलग-अलग प्रभारों के दो महत्वपूर्ण मामलों नीचे संक्षेपित किया गया है:

तालिका 3.3: कर/अधिभार की दर का गलत अनुप्रयोग - कर/अधिभार का अधिक उद्ग्रहण (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की गई/शुरू की गई)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
1.	आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-1, दिल्ली	मेसर्स एल1 लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2016-17	75.13	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत ₹ 105.22 करोड़ जोड़े और कर की सामान्य दर की अपेक्षा 60 *प्रतिशत* की कर दर और 25 *प्रतिशत* का अधिभार लागू किया, क्योंकि धारा 115बीबीई के अंतर्गत कर की विशेष दर नि.व. 2017-18 से लागू थी।	विभाग ने जून 2022 और मई 2023 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
2.	प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-1, चेन्नई	मेसर्स के9 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2013-14	45.75	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69 के अंतर्गत ₹ 66.45 करोड़ जोड़े और कर की सामान्य दर की अपेक्षा 60 *प्रतिशत* की कर दर और 25 *प्रतिशत* का अधिभार लागू किया, क्योंकि धारा 115बीबीई के अंतर्गत कर की विशेष दर नि.व. 2017-18 से लागू थी।	विभाग ने जनवरी 2023 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

इसके अलावा, मामला जहां मंत्रालय/विभाग से उत्तर प्रतीक्षित है नीचे चर्चा की गई है:

3.1.2.1 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त-I, चंडीगढ़
निर्धारिती का नाम : मेसर्स एस9 प्राइवेट लिमिटेड
निर्धारण वर्ष : 2013-14
स्थिति : कंपनी

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 और 144बी के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, धारा 69ए के अंतर्गत आय के अविवरणीकृत स्रोत के रूप में ₹ 2.05 करोड़ जोड़ने के बाद ₹ 2.05 करोड़ की आय निर्धारित की। लेखापरीक्षा से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय कर की गणना 30 *प्रतिशत* की लागू दर की अपेक्षा 40 *प्रतिशत* की दर से की। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 0.61 करोड़ का अतिरिक्त कर लगाया गया।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति अक्तूबर 2022 में विभाग को जारी किया गया।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.2 कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना करना

हमने कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय के गलत समायोजन या 19 राज्यों[3] में ₹ 1,230.7 करोड़ के कर प्रभाव वाली निर्धारित आय पर कर की गलत गणना से संबंधित 331 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को देखा। 331 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से ₹ 556 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 199 अभ्युक्तियाँ कर के कम उद्ग्रहण से संबंधित थीं, जबकि ₹ 675 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 132 अभ्युक्तियाँ कर के अतिरिक्त उद्ग्रहण से संबंधित थीं।

[3] आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड।

3.2.1 कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय का गलत तरीके से समायोजन करना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना-कर का कम उद्ग्रहण

199 मामलों में से जहां निर्धारण अधिकारी ने कर गणना पत्रक निर्धारित आय पर गलत तरीके से गणना कर लगाया, जिसके परिणामस्वरूप कर का कम उद्ग्रहण हुआ, मंत्रालय/विभाग ने 182 मामलों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की/शुरू की। शेष 17 मामलों में, या तो विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की या उत्तर प्रतीक्षित था। 199 मामलों में से, विभिन्न प्रभारों के छः मामलों को नीचे संक्षेपित किया गया है:

तालिका 3.4: कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना - कर का कम उद्ग्रहण

क्र. सं.	प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार	निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.	कर प्रभाव (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार	उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई
1	प्रधान आयकर आयुक्त-4, चेन्नई	डी3/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2015-16	72.77	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 90.00 करोड़ की राशि को अस्पष्टीकृत धन के रूप में जोड़ा। हालांकि, कर देयता की गणना करते समय, उन्होंने गलत तरीके से निर्धारित आय को ₹ 90.00 करोड़ के बजाय ₹ 9.00 करोड़ मान लिया।	विभाग ने मार्च 2024 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक कर दिया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
2	प्रधान आयकर आयुक्त, सम्बलपुर	मेसर्स ओ2 लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2018-19	19.69	निर्धारण अधिकारी ने धारा 68 के अंतर्गत अस्पष्टीकृत नकद ऋण के रूप में ₹ 18.51 करोड़ जोड़े। हालांकि, आईटीबीए प्रणाली में कर देयता की गणना करते समय, धारा 68 के अंतर्गत आय, जिस पर धारा 115बीबीई के	विभाग ने अक्तूबर 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है।

तालिका 3.4: कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना - कर का कम उद्ग्रहण					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				अंतर्गत कर लगाया जाना था, को ₹ 18.51 करोड़ के बजाय ₹ शून्य माना गया।	मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
3	आयकर आयुक्त-7, दिल्ली	मेसर्स पी3 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2014-15	18.47	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 26.25 करोड़ की राशि को अस्पष्टीकृत धन के रूप में जोड़ा। हालांकि, करदाता की कर देयता की गणना करते समय, धारा 69ए के अंतर्गत की गई इस राशि पर कर की गणना करना भूल गए।	विभाग ने जनवरी 2023 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
4	प्रधान आयकर आयुक्त-1, जयपुर	एस15/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2014-15	10.36	निर्धारण अधिकारी ने करदाता की कर देयता की गणना करते समय धारा 69ए के अंतर्गत की गई ₹ 15.53 करोड़ की अतिरिक्त राशि पर कर की गणना करना छोड़ दिया।	विभाग ने अप्रैल 2024 में अधिनियम की धारा 154 ले साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत संशोधन आदेश पारित करके त्रुटि को सुधारा। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
5	प्रधान आयकर आयुक्त-3, बेंगलुरु	पी5/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2018-19	9.13	निर्धारण अधिकारी ने गणना पत्रक में देय कर की गणना करते समय धारा 68 के अंतर्गत की गई ₹ 8.63 करोड़ की अतिरिक्त राशि पर कर	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और अगस्त 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया।

तालिका 3.4: कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना - कर का कम उद्ग्रहण					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				की गणना करना छोड़ दिया।	हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
6	प्रधान आयकर आयुक्त केंद्रीय, सूरत	आर3/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2020-21	5.98	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69सी के अंतर्गत अस्पष्टीकृत व्यय के रूप में ₹ 6.06 करोड़ की राशि जोड़ी। हालांकि, निर्धारित आय की गणना करते समय, इस राशि को करदाता की आय में शामिल करना भूल गए।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और मई 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

इसके अलावा, जहां निर्धारण अधिकारी ने गलत तरीके से कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में आकलित आय को अपनाया या आकलित आय पर गलत तरीके से कर की गणना की, जिसके परिणामस्वरूप कर की कम उगाही हुई, विभिन्न प्रभारों से तीन मामलों पर नीचे विस्तार से चर्चा की गई है:

3.2.1.1 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त, रोहतक

निर्धारिती का नाम : एस5

निर्धारण वर्ष : 2017-18

स्थिति : व्यक्तिगत

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144बी के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए धारा 69ए के अंतर्गत अविवरणीकृत

नकद ऋण के रूप में ₹ 44.78 करोड़ जोड़ने के बाद ₹ 44.80 करोड़ की आय का आकलन किया। लेखापरीक्षा से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय ₹ 44.78 करोड़ के उपरोक्त जोड़ पर कर की गणना करने में चूक की। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 71.26 करोड़ कर का कम उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को दिसंबर 2022 में विभाग को सूचित किया गया।

लेखापरीक्षा अभ्युक्तिको स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (अप्रैल 2026) कहा कि नवंबर 2025 में धारा 154 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।

3.2.1.2	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: आयकर आयुक्त-1, चंडीगढ़**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स एस12 कंस्ट्रक्शन।**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: फर्म**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए धारा 69ए के अंतर्गत अविवरणीकृत आय के रूप में ₹ 3.81 करोड़ जोड़ने के बाद 3.81 करोड़ की आय निर्धारित की। लेखापरीक्षा से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय धारा 69ए के अंतर्गत किए गए परिवर्धन पर कर की गणना करने में चूक की। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 6.36 करोड़ कर कम उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति अगस्त 2022 में विभाग को सूचित किया गया।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.2.1.3	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-7, हैदराबाद**
	निर्धारिती का नाम	**: के6**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: व्यक्तिगत**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए आय के अविवरणीकृत स्रोत के रूप में ₹ 3.09 करोड़ जोड़ने के बाद ₹ 3.11 करोड़ की आय निर्धारित की। लेखापरीक्षा परीक्षण से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय आय के अविवरणीकृत स्रोत के रूप में किए गए परिवर्धन पर कर की गणना करने में चूक की। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 4.82 करोड़ कर कम उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अवलोकन को विभाग को जुलाई 2022 में संप्रेषित किया गया था।

लेखापरीक्षा अभ्युक्तिको स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (अप्रैल 2026) कहा कि दिसंबर 2024 में धारा 154 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी

3.2.2 कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना - कर का अधिक उद्ग्रहण हुआ

132 मामलों में जहां निर्धारण अधिकारी ने कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से अपनाया या निर्धारित आय पर गलत तरीके कर की गणना की, जिसके परिणामस्वरूप कर का अधिक उद्ग्रहण हुआ, मंत्रालय/विभाग ने 124 मामलों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की/शुरू की। शेष आठ मामलों में मंत्रालय/विभाग ने या तो कोई कार्रवाई नहीं की या उत्तर प्रतीक्षित है। इन 132 मामलों में से अलग-अलग प्रभारों के तीन मामलों को नीचे संक्षेपित किया गया है:

तालिका 3.5: कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना - कर का अतिरिक्त उद्ग्रहण (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की गई हो/उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की गई हो)

क्र. सं.	प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार	निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.	कर प्रभाव (₹ करोड़ में)	लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार	उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई
1	प्रधान आयकर आयुक्त-12, दिल्ली	जे1/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2014-15	73.73	निर्धारण अधिकारी ने अधिनियम के 115बीबीई के प्रावधान के अंतर्गत ₹ 75.32	विभाग ने मई 2024 में धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश

तालिका 3.5: कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में निर्धारित आय को गलत तरीके से दर्शाना या निर्धारित आय पर कर की गलत गणना - कर का अतिरिक्त उद्ग्रहण (ऐसे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की गई हो/उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की गई हो)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				करोड़ को कर योग्य बनाया। हालांकि, निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, गलत तरीके से ₹ 75.32 करोड़ की अपेक्षा ₹ 150.64 करोड़ की निर्धारित आय को अपनाया गया।	पारित करके त्रुटि को ठीक किया। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित (मई 2026)।
2	प्रधान आयकर आयुक्त-7, दिल्ली	मेसर्स ओ1 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2018-19	51.89	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69ए के अंतर्गत अविवरणीकृत नकद जमा के लिए ₹ 48.68 करोड़ का अतिरिक्त भुगतान किया। हालांकि, निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, गलत तरीके से ₹ 48.68 करोड़ की अपेक्षा ₹ 97.35 करोड़ की निर्धारित आय को अपनाया गया	विभाग ने नवंबर 2021 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
3	प्रधान आयकर आयुक्त-1, भोपाल	जे2/ XXXXXXXXXX/ व्यक्तिगत/ 2014-15	6.42	निर्धारण अधिकारी ने धारा 69 के अंतर्गत ₹ 6.56 करोड़ की हालांकि, निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, गलत तरीके से ₹ 6.56 करोड़ की अपेक्षा ₹ 13.12 करोड़ की निर्धारित आय को अपनाया गया।	विभाग ने अप्रैल 2023 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को ठीक किया। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

इसके अलावा, जहां निर्धारण अधिकारी ने गलत तरीके से कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) में आकलित आय को अपनाया या आकलित आय पर गलत तरीके से कर की गणना की, जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त कर का उद्ग्रहण हुआ, विभिन्न प्रभारों से चार मामलों पर नीचे विस्तार से चर्चा की गई है:

3.2.2.1	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-1, हैदराबाद**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स एस14 प्राइवेट लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2016-17**
	स्थिति	**: कंपनी**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत अविवरणीकृत धन के लिए ₹ 24.75 करोड़ जोड़ने के बाद ₹ 24.75 करोड़ की आय निर्धारित की। गणना विवरण की लेखापरीक्षा से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय गलत तरीके से ₹ 24.75 करोड़ की अपेक्षा ₹ 49.50 करोड़ की निर्धारित आय को अपनाया। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 15.67 करोड़ का अतिरिक्त कर का अधिक उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को अक्तूबर 2022 में विभाग को सूचित किया गया।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (मार्च 2026) कहा कि दिसंबर 2022 में धारा 147 के साथ पठित धारा 154 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।

3.2.2.2	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-20, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: ए7**
	निर्धारण वर्ष	**: 2013-14**
	स्थिति	**: व्यक्तिगत**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए अधिनियम के 115बीबीई के प्रावधान के अंतर्गत कर योग्य ₹ 23.64 करोड़ की अतिरिक्त आय करने के बाद ₹ 23.64 करोड़ की आय निर्धारित की। गणना विवरण की लेखापरीक्षा से पता

चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय गलत तरीके से ₹ 23.64 करोड़ की अपेक्षा ₹ 47.28 करोड़ की निर्धारित आय को अपनाया। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 22.74 करोड़ का अतिरिक्त कर का अधिक उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति फरवरी 2023 में विभाग को सूचित किया गया।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (अप्रैल 2026) कहा कि दिसंबर 2024 में धारा 147 के साथ पठित धारा 154 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।

3.2.2.3	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-10, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: आर8 प्राइवेट लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2015-16**
	स्थिति	**: फर्म**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए अधिनियम के 115बीबीई के प्रावधान के अंतर्गत ₹ 5.50 करोड़ की वृद्धि के बाद कर योग्य ₹ 5.50 करोड़ की आय निर्धारित की। गणना विवरण की लेखापरीक्षा से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय गलत तरीके से ₹ 5.50 करोड़ की अपेक्षा ₹ 11.00 करोड़ की निर्धारित आय को अपनाया। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 4.95 करोड़ का अतिरिक्त कर का अधिक उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति विभाग को अक्तूबर 2022 में संप्रेषित किया गया उसके बाद अप्रैल 2024 में एक अनुस्मारक भेजा गया था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.2.2.4	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-10, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: के1**
	निर्धारण वर्ष	**: 2015-16**
	स्थिति	**: फर्म**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए अधिनियम के 115बीबीई के प्रावधान के अंतर्गत कर योग्य ₹ 5.23 करोड़ की अतिरिक्त आय निर्धारित की। गणना विवरण की लेखापरीक्षा से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय गलत तरीके से निर्धारित आय को ₹ 5.23 करोड़ की अपेक्षा ₹ 10.45 करोड़ पर अपनाया। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 4.71 करोड़ का अतिरिक्त कर का अधिक उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति विभाग को अक्तूबर 2022 में संप्रेषित किया गया, उसके बाद अप्रैल 2024 में एक अनुस्मारक भेजा गया था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.3 धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के प्रति हानि का गलत समायोजन

अधिनियम की धारा 115बीबीई के प्रावधानों में कहा गया है कि जहां किसी निर्धारिती की कुल आय में धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी में निर्दिष्ट कोई भी आय शामिल है, वहां देय आयकर की राशि की गणना ऐसी आय पर साठ प्रतिशत की दर से की जाएगी और इस कर पर 01/04/2017 से प्रभावी 25 प्रतिशत की दर से अधिभार लगाया जाएगा। इसके अलावा, धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के अंतर्गत किए गए जोड़ के प्रति इस अधिनियम के किसी भी प्रावधान के अंतर्गत निर्धारिती को किसी भी व्यय या भत्ते या किसी भी हानि के संबंध में कोई कटौती की अनुमति नहीं दी जाएगी।

हमने 12 राज्यों[4] में ₹ 349 करोड़ के कर प्रभाव से संबंधित 56 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों को देखा, जो धारा 68 से 69डी के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के प्रति हानि के गलत समायोजन से संबंधित हैं, जिसके परिणामस्वरूप कर का कम उद्ग्रहण हुआ। है। इन 56 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों में से, मंत्रालय/विभाग ने 52 मामलों में उपचारात्मक कार्रवाई पूरी की/शुरू की। शेष चार मामलों में, मंत्रालय/विभाग ने या तो कोई कार्रवाई नहीं की या उत्तर प्रतीक्षित है। 52 मामलों में से, विभिन्न प्रभारों के आठ मामलों को नीचे संक्षेपित किया गया है:

[4] दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल,

तालिका 3.6: धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के प्रति हानियों का गलत समायोजन (वे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई पूरी/शुरू की गई है)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/ विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
1	प्रधान आयकर आयुक्त-1 [पूर्व में प्रधान आयकर आयुक्त-6] हैदराबाद	मेसर्स वी6 एंटरप्राइजेज/ XXXXXXXXX/ फर्म/ 2017-18	33.99	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारित आय की गणना करते समय, धारा 68 और धारा 69सी के अंतर्गत की गई अतिरिक्त राशियों के प्रति ₹ 34.84 करोड़ के घाटे के समायोजन की, जो धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं थी।	विभाग ने नवंबर 2021 में धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, सुधार आदेश में कुछ विसंगतियां पाई गईं, जैसे सामान्य आय पर अनियमित रूप से कर लगाना और अधिनियम के सामान्य प्रावधानों के अंतर्गत हानि को आगे ले जाने की अनुमति न देना। *लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (मार्च 2026) कहा कि नवंबर 2021 में धारा 154 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।*
2	आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-3, दिल्ली	मेसर्स एन5 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	32.68	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारित आय पर पहुँचते समय धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए अतिरिक्त मदों की अपेक्षा ₹ 30.88 करोड़ के घाटे के समायोजन की अनुमति दी, जो धारा 115बीबीई, उक्त के	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और जून 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी

तालिका 3.6: धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के प्रति हानियों का गलत समायोजन (वे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई पूरी/शुरू की गई है)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/ विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं था।	प्रतीक्षित है। विभाग ने मार्च 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
3	प्रधान आयकर आयुक्त, फ़रीदाबाद	मेसर्स एस11 लिमिटेड/ xxxxxxxxxx/ फर्म/ 2017-18	30.88	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के प्रति ₹ 30.09 करोड़ तक के घाटे के समायोजन की अनुमति दी, जो धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं था।	विभाग ने मार्च 2022 में अधिनियम की धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
4	प्रधान आयकर आयुक्त-6 मुंबई	मेसर्स ए14 प्राइवेट लिमिटेड/ xxxxxxxxxx/ कंपनी/ 2018-19	26.41	निर्धारण अधिकारी ने, निर्धारित आय तय करते समय, धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के प्रति ₹ 30.88 करोड़ के समायोजन की हानि की अनुमति दी, जो धारा	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और अगस्त 2024 में धारा 148ए(बी) के अंतर्गत नोटिस जारी करके उपचारात्मक कार्रवाई शुरू की।

तालिका 3.6: धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के प्रति हानियों का गलत समायोजन (वे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई पूरी/शुरू की गई है)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/ विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				115बीबीई, आईबीआईडी के प्रावधानों के अनुसार आदेश में नहीं था।	आगे के उत्तर की प्रतीक्षा है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
5	प्रधान आयकर आयुक्त-3 बेंगलुरु	मेसर्स वी4 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2018-19	25.73	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारित आय की गणना करते समय धारा 68 के अंतर्गत की गई वृद्धि की अपेक्षा ₹ 18.98 करोड़ के घाटे के समायोजन की अनुमति दी, जो उक्त धारा 115 बीबीई के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं था। इसके अलावा, निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, निर्धारण अधिकारी ने निर्धारित आय पर देय कर की गणना सामान्य दर से की, जबकि उस पर 60 *प्रतिशत* की विशेष दर और 25 *प्रतिशत* की दर से अधिभार लगाया जाना था।	विभाग ने त्रुटि को स्वीकार किया और अगस्त 2022 में धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। हालांकि, सुधार आदेश पारित करते समय, टीडीएस और अग्रिम कर के लिए क्रेडिट की अनुमति नहीं दी गई। इसके अलावा, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
6	प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय) भोपाल	मेसर्स एम9 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2017-18	8.61	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारित आय की गणना करते समय ₹ 5.87 करोड़ के घाटे के समायोजन की अनुमति दी, जिसमें से ₹ 4.62 करोड़ अधिनियम की धारा 68/69ए/ 69बी/69सी के अंतर्गत	विभाग ने जून 2023 में धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर किया। सुधार आदेश में कुछ विसंगतियां पाई गईं, जैसे कि निर्धारित आय को ₹ 9.56

तालिका 3.6: धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के प्रति हानियों का गलत समायोजन (वे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई पूरी/शुरू की गई है)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/ विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
				किए गए परिवर्धनों के प्रति समायोजित किए गए, जो उक्त धारा 115 बीबीई के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं था। इसके अलावा, निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय उपरोक्त परिवर्धनों पर 60 *प्रतिशत* की विशेष दर की अपेक्षा सामान्य दर से कर लगाया और 25 *प्रतिशत* अधिभार लगाया, तथा धारा 234ए के अंतर्गत 3 महीने की अपेक्षा 4 महीने का ब्याज लगाया।	करोड़ की अपेक्षा ₹ 9.54 करोड़ के रूप में गलत तरीके से दर्शाना और धारा 234ए(3) के अंतर्गत ब्याज की गलत गणना। इसके अलावा, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
7	प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय), भोपाल	मेसर्स एम9 प्राइवेट लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/ कंपनी/ 2018-19	31.97	निर्धारण अधिकारी ने निर्धारित आय पर पहुँचते समय ₹ 5.53 करोड़ के घाटे के समायोजन की अनुमति दी, जिसमें से ₹ 4.33 करोड़ अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत किए गए अतिरिक्त के प्रति समायोजित किए गए थे, जो धारा 115बीबीई, उक्त के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं था।	विभाग ने जून 2023 में धारा 154 के अंतर्गत सुधार आदेश पारित करके त्रुटि को दूर कर दिया। हालांकि, लेखापरीक्षा में वसूली की स्थिति अभी भी प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।
8	प्रधान आयकर आयुक्त, रोहतक	मेसर्स ओ3 लिमिटेड/ XXXXXXXXXX/	16.14	निर्धारण को अंतिम रूप देते समय, निर्धारण अधिकारी ने ₹ 15.71 करोड़ की अविवरणीकृत	विभाग ने (जुलाई 2024) में उत्तर दिया कि मार्च 2024 में धारा 148ए के

तालिका 3.6: धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धनों के प्रति हानियों का गलत समायोजन (वे मामले जहां विभाग द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई पूरी/शुरू की गई है)					
क्र. सं.	**प्रधान आयकर आयुक्त प्रभार**	**निर्धारिती का नाम/पैन/ स्थिति/नि.व.**	**कर प्रभाव (₹ करोड़ में)**	**लेखापरीक्षा अभ्युक्ति का सार**	**उत्तर की स्थिति/ विभाग द्वारा की गई कार्रवाई**
		कंपनी/ 2017-18		अतिरिक्त राशि को ₹ 104.42 करोड़ के घोषित घाटे के प्रति समायोजित कर दिया, जो धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं था। इसके अतिरिक्त, निर्धारण अधिकारी ने कुल आय की गणना करते समय ₹ 2.44 करोड़, यानी ₹ 24.43 करोड़ के व्यापार देय का 10 *प्रतिशत,* अतिरिक्त रूप से जोड़ दिया, जिसके लिए निर्धारिती ने कोई विवरण प्रस्तुत नहीं किया। प्रासंगिक दस्तावेजों, जैसे कि तुलन पत्र की अनुसूचियों के अभाव में, लेखापरीक्षा विभाग व्यापार देय के 10 *प्रतिशत* को जोड़ने का आधार निर्धारित नहीं कर सका।	अंतर्गत नोटिस जारी करके सुधारात्मक कार्रवाई शुरू की गई। हालांकि, उक्त नोटिस में व्यापार देयताओं में 10 *प्रतिशत* की वृद्धि से संबंधित मुद्दे को शामिल नहीं किया गया है। अंतिम उत्तर प्रतीक्षित है। मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

इसके अलावा, चार मामलों में से, जहां मंत्रालय/विभाग ने या तो कोई कार्रवाई नहीं की है या जवाब का इंतजार है, विभिन्न प्रभारों के दो मामलों पर नीचे विस्तार से चर्चा की गई है:

3.3.1 आयकर आयुक्त प्रभार : आयकर आयुक्त-1, दिल्ली

निर्धारिती का नाम : मेसर्स ई1 प्राइवेट लिमिटेड

निर्धारण वर्ष : 2018-19

स्थिति : कंपनी

निर्धारण अधिकारी ने मई 2021 में धारा 143(3) के अंतर्गत ₹ 24.46 करोड़ के घाटे का आकलन करते समय, अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत अविवरणीकृत/असुरक्षित ऋण के मद में ₹ 12.16 करोड़ की राशि जोड़ दी। लेखापरीक्षा जांच में पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत निर्धारित आय की गणना करते समय की गई वृद्धि के प्रति ₹ 12.16 करोड़ के घाटे का समायोजन कर दिया, जो उक्त धारा 115 बीबीई के प्रावधानों के अनुसार उचित नहीं था। इन त्रुटियों के परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 13.06 करोड़ के कर का कम उद्ग्रहण हुआ।

अप्रैल 2022 में लेखापरीक्षा संबंधी अभ्युक्ति विभाग को जारी की गई।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.3.2 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त-1, कोलकाता (अब, प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय), कानपुर)

निर्धारिती का नाम : मेसर्स एम1 प्राइवेट लिमिटेड

निर्धारण वर्ष : 2017-18

स्थिति : कंपनी

दिसंबर 2019 में धारा 144 के अंतर्गत ₹ 55.87 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए निर्धारण अधिकारी ने, अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत ₹ 3.09 करोड़ फर्जी लेनदेन और धारा 69 के अंतर्गत ₹ 57.65 करोड़ को अस्पष्टीकृत व्यय के रूप में परिवर्धित कर दिया था। लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारित आय को निर्धारित करने के दौरान, अधिनियम की धारा 68/69 के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के सापेक्ष ₹ 4.87 करोड़ की हानि का समायोजन किया था, जो उक्त धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार सही नहीं था। त्रुटियों के परिणामस्वरूप धारा 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 4.99 करोड़ के कर का कम उद्ग्रहण हुआ था।

फरवरी 2021 में लेखापरीक्षा अभ्युक्ति के विषय में विभाग को सूचित किया गया था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4 धारा 68, 69, 69ए, 69बी, 69सी और 69डी के तहत मानी गई आय से संबंधित ऐसी आय जिस पर कर का आकलन नहीं हो पाया

हमने 20 राज्यों[5] में धारा 68 से 69डी के अंतर्गत अस्पष्टीकृत लेनदेन से संबंधित ₹ 18,799 करोड़ के कर प्रभाव के संदर्भ में 589 लेखापरीक्षा अभ्युक्तियाँ पायीं, जिनका निर्धारण और कर उद्ग्रहण अधिनियम की धारा 115बीबीई के अनुसार नहीं हो पाया था। 589 मामलों में से, मंत्रालय/विभाग ने 399 मामलों में उपचारी कार्रवाई पूरी कर ली है/प्रारम्भ कर दिया है। शेष 190 मामलों में, विभाग द्वारा या तो कोई कार्रवाई नहीं की गई है या उत्तर प्रतीक्षित है। लेखापरीक्षा में इंगित किए गए धारा-वार अस्पष्टीकृत लेनदेन जिनका निर्धारण नहीं हो पाया था, निम्नलिखित अनुच्छेदों में उनकी चर्चा की गई है:

3.4.1 धारा 68 के अंतर्गत आने वाले अस्पष्टीकृत लेनदेन जिनका कर निर्धारण और कर उद्ग्रहण अधिनियम की धारा 115बीबीई से बच गया था

3.4.1.1	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-1, पुणे**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स ए15 प्राइवेट लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2018-19**
	स्थिति	**: कंपनी**

निर्धारण अधिकारी ने अगस्त 2021 में धारा 144बी के साथ पठित धारा 144 के साथ अंतर्गत ₹ 107.38 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए ₹ 107.38 करोड़ का परिवर्धन किया था और निर्धारिती द्वारा दावा की गयी हानि को अस्वीकार कर दिया था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि निर्धारिती ने कुल ₹ 561.32 करोड़ का दीर्घकालिक ऋण लिया था। जिसमें से मेसर्स डी11 प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स ए16 प्राइवेट लिमिटेड से वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर (ओसीडीएस) जारी करके क्रमशः ₹ 12.00 करोड़ और ₹ 240.88 करोड़ सहित पांच संस्थाओं से ₹ 461.32 करोड़ उधार लिया था। हालांकि, उसी निर्धारण प्रभार में निर्धारिति मेसर्स डी11 प्राइवेट लिमिटेड के निर्धारण अभिलेखों की लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि मेसर्स डी11 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्धारिती कंपनी में ऐसा कोई निवेश नहीं किया

[5] आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल

गया था। इसके अतिरिक्त, यह देखा गया कि मेसर्स ए16 प्राइवेट लिमिटेड ने नि.व. 2017-18 में ₹ 0.90 लाख और नि.व. 2018-19 में ₹ 2.44 लाख की हानि बताई और दोनों निर्धारण वर्षों में टर्नओवर शून्य बताया। इस प्रकार, मेसर्स ए16 प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया निवेश उसकी वित्तीय स्थिति के अनुरूप नहीं था।

इसलिए, निर्धारण अधिकारी को ₹ 461.32 करोड़ के पूरे संव्यवहार की सत्यता की विस्तार से जांच करने और आवश्यकता पड़ने पर कर लगाने की आवश्यकता थी, जो नहीं किया गया था, यद्यपि निर्धारिती के मामले को मात्रात्मक विवरण प्रस्तुत न करने, निवेश/अग्रिम/ऋण, व्यवसाय हानि, आईसीडीएस अनुपालन और संव्यवहार के समायोजन एवं सत्यापन से संबंधित मुद्दों पर संवीक्षा के लिए चुना गया था। उपरोक्त संव्यवहार के माध्यम से अलेखांकित धन के अघोषित माध्यमों के द्वारा निवेशित किए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

जुलाई 2022 में विभाग को लेखापरीक्षा अभ्युक्ति के विषय में सूचित किया गया था।

विभाग ने जवाब में (फरवरी 2026), लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार किया और मार्च 2025 में धारा 144 के साथ धारा 263 और 144बी के तहत एक आदेश पारित करके गलती को सुधारा।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.1.2	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-4, मुंबई**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स जे3 लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: कंपनी**

निर्धारण अधिकारी ने दिसंबर 2019 में धारा 144 के अंतर्गत ₹ 149.46 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप दिया था।

लेखापरीक्षा ने नि.व. 2016-17 और नि.व. 2017-18 के तुलन पत्रों से पाया कि निर्धारिती ने वर्ष 2016-17 के दौरान विभिन्न संबंधित पक्षों से ₹ 218.85 करोड़ का दीर्घकालिक उधार/ऋण/अग्रिम प्राप्त किया था। लेखापरीक्षा

में देखा गया कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण को अंतिम रूप देते समय दीर्घकालिक उधार/ऋण/अग्रिम से संबंधित आवश्यक विवरण मांगे थे जो निर्धारिती द्वारा उपलब्ध नहीं कराये गए थे। इस प्रकार, निर्धारण अधिकारी पूर्वोक्त संव्यवहार की प्रामाणिकता को सत्यापित नहीं कर सका था, इसे अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत निर्धारिती की अनुमानित आय के रूप में माना जाना चाहिए था।

इसके आगे, लेखापरीक्षा के दौरान, लेखापरीक्षा ने इस संव्यवहार की सत्यता की जांच करने का प्रयास किया और कंपनी पंजीयक या रजिस्ट्रार (आरओसी) से प्राप्त अभिलेखों से पाया कि निर्धारिती कंपनी के विभिन्न संबंधित पक्षों ने 31 मार्च 2015 के बाद आरओसी के साथ अपने वार्षिक खातों और अन्य अभिलेख दाखिल करना बंद कर दिया था और आरओसी द्वारा इन कंपनियों का पंजीकरण रद्द कर दिया गया था और वे वैधानिक इकाइयां नहीं रहीं थीं। यह इंगित करता है कि ये संबंधित पक्ष निष्क्रिय हो गए थे। इसलिए निर्धारिती के खाता बही में जमा किए गए अस्पष्टीकृत ऋणों को कंपनी की आय में परिवर्धित किया जाना आवश्यक था, जो निर्धारण अधिकारी द्वारा नहीं किया गया था। चूक के परिणामस्वरूप ₹ 218.85 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ, जिसमें ₹ 233.31 करोड़ के कर का कम उद्ग्रहण सम्मिलित था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, विभाग ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत आदेश पारित करके उपचारी कार्रवाई की, जिसे आगे मार्च 2023 में धारा 154 के अंतर्गत सुधार किया गया था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.1.3 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त केंद्रीय, अहमदाबाद

निर्धारिती का नाम	**: वी3**
निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
स्थिति	**: व्यक्तिगत**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत ₹ 267.23 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए,

अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत अस्पष्टीकृत क्रेडिट के लिए ₹ 267.23 करोड़ का परिवर्धन किया, जिसमें लक्ष्मी विलास बैंक को दिए गए क्रेडिट के संदर्भ में ₹ 232.29 करोड़ सम्मिलित थे। लेखापरीक्षा जांच से लक्ष्मी विलास बैंक के बैंक विवरण से पता चला कि निर्धारण अधिकारी द्वारा परिवर्धित किए गए ₹ 232.29 करोड़ के बजाय वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान केवल ₹ 99.68 करोड़ की सीमा तक क्रेडिट लेनदेन था। त्रुटि के परिणामस्वरूप ब्याज के साथ ₹ 177.23 करोड़ के कर के अतिरिक्त उद्ग्रहण सहित ₹ 132.61 करोड़ की आय का अधिक निर्धारण हुआ।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति *को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (मई 2026) कहा कि मार्च 2026 में अधिनियम की धारा 154 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।*

3.4.1.4 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय), गुरुग्राम

निर्धारिती का नाम : मेसर्स एमर्6 प्राइवेट लिमिटेड

निर्धारण वर्ष : 2017-18

स्थिति : कंपनी

निर्धारण अधिकारी ने दिसंबर 2018 में धारा 153बी(1)(बी) के साथ पठित धारा 144 के अंतर्गत ₹ 236.30 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, ₹ 25.24 करोड़ की विवरणीकृत हानि में ₹ 261.54 करोड़ का परिवर्धन किया था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि ₹ 261.54 करोड़ के कुल परिवर्धन में से, धारा 69सी के अंतर्गत केवल ₹ 2.68 करोड़ परिवर्धित किया गया था। चूंकि पूरा संव्यवहार या तो अस्पष्टीकृत था या निर्धारण कार्यवाही के दौरान अवैध क्रय आदि के रूप में माना गया था, इसलिए निर्धारण अधिकारी. को धारा 68/69 के अंतर्गत पूरी राशि को परिवर्धित किया जाना चाहिए था। लेखापरीक्षा में आगे देखा गया कि निर्धारण अधिकारी ने इन परिवर्धनों के साथ ₹ 25.24 करोड़ के हानि के समायोजन की अनुमति दी थी। यह भी देखा गया कि धारा 69सी के अंतर्गत किए गए परिवर्धन पर लागू दर 25 *प्रतिशत* के बजाय 12 *प्रतिशत* की

दर से अधिभार लगाया गया था। इन चूक के परिणामस्वरूप ₹ 144.39 करोड़ के कर का कम उद्ग्रहण हुआ था।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति *को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (मई 2026) कहा कि, माननीय आईटीएटी के दिनांक 02/05/2025 के आदेश के अनुसार, आईटीए संख्या 2833/डीईएल/2025, इस मामले को कर योग्य आय के नए निर्धारण के लिए* निर्धारण अधिकारी *को वापस भेज दिया गया है।*

3.4.1.5	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: आयकर आयुक्त केंद्रीय-1, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स पी2 प्राइवेट लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2019-20**
	स्थिति	**: कंपनी**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2021 में धारा 144 के अंतर्गत ₹ 254.25 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, दीर्घकालिक देनदारियों के लिए धारा 68सी के अंतर्गत ₹ 46.08 करोड़ के परिवर्धन के साथ ₹ 254.13 करोड़ की राशि का परिवर्धन किया था, जिसके लिए संव्यवहार की प्रामाणिकता और ऋण पात्रता निर्धारित नहीं की जा सकी थी।

निर्धारण आदेश की लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि निर्धारण अधिकारी ने इस आधार पर कि निर्धारिती इस राशि की ऋण पात्रता और प्रामाणिकता को स्पष्ट करने में विफल रहा था, अधिनियम के सामान्य प्रावधान के अंतर्गत ₹ 208.05 करोड़ की राशि अन्य देनदारियों के रूप में वापस परिवर्धित करने का प्रस्ताव किया था। हालाँकि, ₹ 208.05 करोड़ की राशि को अस्पष्टीकृत होने के कारण, धारा 68 के अंतर्गत जोड़ा जाना चाहिए था और विशेष दर पर कर लगाया जाना चाहिए था, जैसा कि निर्धारण अधिकारी द्वारा ₹ 46.08 करोड़ की अस्पष्टीकृत दीर्घकालिक देनदारियों के लिए किया गया था। चूक के परिणामस्वरूप धारा 243ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 140.34 करोड़ कर का कम उद्ग्रहण किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, विभाग ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति (जून 2022) को स्वीकार कर लिया और कहा कि मार्च 2021 में धारा 144 के

अंतर्गत पारित निर्धारण आदेश को मार्च 2023 में धारा 263 के अंतर्गत जारी आदेश द्वारा रद्द कर दिया गया था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.1.6 आयकर आयुक्त प्रभार : प्रधान आयकर आयुक्त-1, दिल्ली

निर्धारिती का नाम : मेसर्स डी2 लिमिटेड

निर्धारण वर्ष : 2018-19

स्थिति : कंपनी

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2021 में ₹ 9.31 करोड़ की आय पर धारा 143(3) के अंतर्गत संवीक्षा निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत ₹ 9.35 करोड़ का परिवर्धन किया था।

निर्धारण अभिलेखों की लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि निर्धारित आय को निर्धारित करने के दौरान, निर्धारण अधिकारी ने अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत किए गए ₹ 9.35 करोड़ के परिवर्धन से वर्तमान वर्ष के ₹ 3.34 लाख की हानि को अनुचित तरीके से समायोजित करने की अनुमति दी थी। इसके अतिरिक्त, धारा 68 के अंतर्गत किए गए परिवर्धन पर निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, 60 *प्रतिशत* पर विशेष दर के बजाय सामान्य दर पर कर और 25 *प्रतिशत* पर अधिभार लगाया गया था।

इसके अतिरिक्त, वर्ष के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 123.02 करोड़ के असुरक्षित ऋण और अग्रिम में वृद्धि हुई और निर्धारिती इस वृद्धि की ऋण पात्रता और वास्तविकता को स्पष्ट करने में विफल रहा था। साथ ही, यह देखा गया कि निर्धारिती ने कोई आय प्राप्त नहीं की और वर्ष के दौरान कोई निर्माण व्यय भी नहीं किया था। इस प्रकार, निर्धारिती से स्पष्टीकरण के अभाव में, ₹ 123.02 करोड़ की राशि को अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत अस्पष्टीकृत नकद क्रेडिट माना जाना चाहिए था और कर लगाया जाना चाहिए था। जो निर्धारण अधिकारी द्वारा नहीं किया गया था।

उपर्युक्त अशुद्धियों के परिणामस्वरूप ₹ 123.02 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ था, जिसमें धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 137.57 करोड़ कर का कम उद्ग्रहण सम्मिलित था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, विभाग ने सितंबर 2022 में अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत किए गए परिवर्धन के सापेक्ष हानि को समायोजित करने और धारा 68 के अंतर्गत किए गए ₹ 9.35 करोड़ के परिवर्धन पर कर की दर के अनुप्रयोग से संबंधित मुद्दों के संबंध में धारा 154 के अंतर्गत उपचारी कार्रवाई की थी। हालांकि, धारा 68 के अंतर्गत ₹ 123.02 करोड़ के परिवर्धन से संबंधित मुद्दे पर उत्तर प्रतीक्षित है।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.1.7	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त, वलसाड**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स एस4 लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2018-19**
	स्थिति	**: कंपनी**

निर्धारण अधिकारी ने अप्रैल 2021 में धारा 143(3) के अंतर्गत ₹ 3.09 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए अन्य बातों के साथ-साथ विविध लेनदारों के अधीन अस्वीकृति के प्रति ₹ 2.64 करोड़ का परिवर्धन किया था।

लेखापरीक्षा ने निर्धारण अभिलेखों से देखा कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण को अंतिम रूप देते समय बही खातों में पाए गए उन विविध लेनदारों का विवरण मांगा, जिनके लिए देय राशि ₹ 25.00 लाख और उससे अधिक थी। निर्धारिती ने ₹ 11.74 करोड़ की राशि वाले 12 ऐसे पक्षों की सूची प्रदान की थी। लेकिन इन 12 पक्षों में से, केवल आठ पक्षों की पुष्टि निर्धारिती द्वारा प्रदान की गई थी। निर्धारण अधिकारी ने इन आठ पक्षों को लेनदेन की प्रामाणिकता को सत्यापित करने के लिए धारा 133(6) के अंतर्गत नोटिस जारी करके आवश्यक दस्तावेज की मांग की थी। लेकिन उनमें से केवल छः का उत्तर ही दिया था। इसलिए, इन दोनों पक्षों के संदर्भ में निर्धारण अधिकारी ने इन्हें अस्पष्टीकृत और बनावटी विविध लेनदार मानते हुए अधिनियम की धारा 68 के अंतर्गत ₹ 2.64 करोड़ का परिवर्धन किया था। हालाँकि, शेष चार पक्षों के संदर्भ में निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण आदेश मे न तो ₹ 7.27 करोड़ की चर्चा की और न ही उसे वापस कुल आय में परिवर्धित किया, हालाँकि इसे भी इसी तरह से निर्धारिती की आय में वापस परिवर्धित किए जाने की आवश्यकता थी। इस चूक

के परिणामस्वरूप ₹ 7.27 करोड़ की अस्पष्टीकृत आय का निकास हुआ, जिसमें ब्याज सहित ₹ 7.71 करोड़ कर का कम उद्ग्रहण सम्मिलित था।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (मई 2026) कहा कि मार्च 2024 में अधिनियम की धारा 263 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी। आगे की प्रगति की प्रतीक्षा है (मई 2026)।

3.4.1.8	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-1, कोच्चि**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स आई3 प्राइवेट लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: कंपनी**

निर्धारण अधिकारी ने दिसंबर 2019 में धारा 143(3) के अंतर्गत ₹ 25.23 लाख की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, ₹ 45.85 लाख का परिवर्धन किया जिसमें अप्रमाणित विविध लेनदारों के लिए ₹ 18.70 लाख की अस्वीकृति सम्मिलित थी।

लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि निर्धारण का समापन करते समय निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती से ₹ 4.09 करोड़ की राशि के विविध लेनदारों की सूची पुष्टिकरण पत्र के साथ प्रस्तुत करने के लिए कहा था। जिसमें से निर्धारिती ने ₹ 1.35 करोड़ के क्रेडिट की सत्यता प्रमाणित की थी। निर्धारण अधिकारी ने अप्रमाणित पूरे लेनदारी के बजाय केवल अप्रमाणित लेनदारी का पाँच *प्रतिशत* को परिवर्धित किया है। त्रुटि के परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 2.70 करोड़ के कर का कम उद्ग्रहण हुआ था।

लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार करते हुए, मंत्रालय ने (अप्रैल 2026) कहा कि मार्च 2023 में धारा 143(3) के साथ धारा 263 के तहत एक आदेश पारित करके उपचारात्मक कार्रवाई की गई थी।

3.4.2 धारा 69 के अंतर्गत आने वाले अस्पष्टीकृत संव्यवहार जो अधिनियम की धारा 115बीबीई के अनुसार निर्धारण और उस पर कर के उद्ग्रहण से बच गए थे

3.4.2.1 आयकर आयुक्त प्रभार : आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-2, दिल्ली

निर्धारिती का नाम : मेसर्स ई2 लिमिटेड

निर्धारण वर्ष : 2018-19

स्थिति : कंपनी

निर्धारण अधिकारी ने जून 2021 में धारा 144 के अंतर्गत ₹ 62.55 लाख के विवरणीकृत हानि के सापेक्ष ₹ 304.48 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप दिया था।

लेखापरीक्षा जांच से पता चला कि निर्धारण का समापन करते समय, निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती से संबंधित पक्षों का विवरण मांगा था, जिनसे निर्धारिती ने ₹ 299.82 करोड़ के ऋण और अग्रिम लिए थे। हालांकि, निर्धारण कार्यवाही के दौरान विभिन्न सांविधिक नोटिसों के माध्यम से सुनवाई के पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, निर्धारिती इन संव्यवहारों के संदर्भ में ऐसे उत्तर/विवरण और दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहा जिससे इस तरह के भारी ऋण और अग्रिम के स्रोत का पता लगाया जा सके। इस प्रकार, ₹ 299.82 करोड़ की इस राशि को अस्पष्टीकृत माना जाना चाहिए और धारा 69 के अंतर्गत कर लगाया जाना चाहिए, धारा 115 बीबीई के प्रावधान के अनुसार 60 *प्रतिशत* की विशेष दर से कर और 25 *प्रतिशत* पर अधिभार लगाया जाना चाहिए था। हालांकि, निर्धारण अधिकारी ने इस राशि को अधिनियम के सामान्य प्रावधान के अंतर्गत निर्धारिती की कुल आय में परिवर्धित कर दिया और तदनुसार कर लगाया था।

इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा ने पाया कि निर्धारण अधिकारी ने नियम 8डी के साथ पठित धारा 14ए के अंतर्गत अस्वीकृति के कारण ₹ 5.29 करोड़ अर्थात ₹ 1,057.69 करोड़ के औसत निवेश का 0.5 *प्रतिशत* परिवर्धित किया, बजाय एक *प्रतिशत* के औसत निवेश के, जो 02 जून 2016 के सीबीडीटी परिपत्र के अनुसार ₹ 10.58 करोड़ था।

उपर्युक्त त्रुटियों के परिणामस्वरूप धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित कुल ₹ 205.34 करोड़ का कम कर उद्ग्रहण किया गया था।*लेखापरीक्षा अभ्युक्ति अक्टूबर 2021 में विभाग को जारी की गयी थी, जिसके बाद अगस्त 2022 और अप्रैल 2023 में अनुस्मारक जारी किए गए थे।*

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.2.2	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: आयकर आयुक्त-10, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: आई2**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: व्यक्तिगत**

निर्धारण अधिकारी ने मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत ₹ 23.44 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, अचल संपत्ति की खरीद के लिए ₹ 22.98 करोड़, अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ₹ 42.72 लाख और नकद जमा आदि के कारण ₹ 3.25 लाख का परिवर्धन किया था।

निर्धारिती ने पूर्वोक्त निर्धारण वर्ष के लिए आय विवरणी दाखिल नहीं की थी। लेखापरीक्षा ने पाया कि निर्धारण अधिकारी ने हालांकि धारा 69ए के अंतर्गत ₹3.25 लाख नकद जमा राशि परिवर्धित की थी, लागू 60 *प्रतिशत* विशेष दर और 25 *प्रतिशत* के अधिभार के बजाय कर की गणना सामान्य दरों पर की गयी थी। लेखापरीक्षा में यह भी पाया गया कि निर्धारण अधिकारी ने धारा 56(2)(vii)(बी) के अंतर्गत अन्य स्रोतों से आय के रूप में अचल संपत्ति की खरीद के कारण ₹ 22.98 करोड़ का और धारा 45 के अंतर्गत पूंजीगत लाभ के रूप में अचल संपत्ति की बिक्री पर ₹ 42.72 लाख का परिवर्धन किया था। तथापि, इसके अस्पष्टीकृत होने के कारण, अधिनियम की धारा 69 के अनुसार परिवर्धन करने और अधिनियम की धारा 115 बीबीई के प्रावधान के अनुसार कर लगाने की आवश्यकता थी क्योंकि निर्धारिती ने न तो आय का रिटर्न दाखिल किया और न ही अधिनियम की धारा 148 के अंतर्गत जारी नोटिस का अनुपालन किया था। इन अशुद्धियों के परिणामस्वरूप ब्याज सहित ₹ 21.16 करोड़ के कम कर का उद्ग्रहण किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, विभाग ने मार्च 2024 में अधिनियम की धारा 263 के अंतर्गत आदेश द्वारा, विचाराधीन निर्धारण आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें निर्धारण अधिकारी को सत्यापन/जांच करने और धारा 69 के अनुसार परिवर्धन करने एवं ₹ 22.98 करोड़ की अचल संपत्ति की खरीद के संबंध में अधिनियम की धारा 115बीबीई के प्रावधान के अनुसार आय पर कर लगाने का निर्देश दिया गया था। उपचारात्मक कारवाई का आगे का विवरण प्रतीक्षित था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.3 धारा 69ए के अंतर्गत आने वाले अस्पष्टीकृत संव्यवहार जो अधिनियम की धारा 115बीबीई के अनुसार निर्धारण और उस पर कर उद्ग्रहण से बच गए थे

3.4.3.1

आयकर आयुक्त प्रभार	**: प्रधान आयकर आयुक्त-10, दिल्ली**
निर्धारिती का नाम	**: आर9**
निर्धारण वर्ष	**: 2016-17 और 2017-18**
स्थिति	**: फर्म**

मार्च 2022 में धारा 144 के साथ पठित धारा 147 के अंतर्गत निर्धारण का समापन करते हुए, निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कुल आय में कुल निर्यात बिलों के आठ *प्रतिशत* का परिवर्धन करने के पश्चात नि.व. 2016-17 और 2017-18 के लिए क्रमशः ₹ 42.17 करोड़ और ₹ 29.88 करोड़ की आय निर्धारित की थी। कर गणना पत्रक (आईटीएनएस) की लेखापरीक्षा जांच (जुलाई 2022) से पता चला कि निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय, हालांकि निर्धारित आय को गणना शीट में सही रूप से दर्शाया गया था, लेकिन उस पर कर की गणना नहीं की गई थी। इस चूक के परिणामस्वरूप, जिसमें धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित नि.व. 2016-17 के लिए ₹ 35.02 करोड़ और नि.व. 2017-18 के लिए ₹ 22.34 करोड़ का कर उद्ग्रहण नहीं किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा इस ओर इंगित किए जाने पर, विभाग ने फरवरी 2023 में एक सुधार आदेश पारित करके गलती को सुधारा था। हालाँकि, अनुस्मारकों के

बावजूद सुधार आदेशों की गणना शीट प्रस्तुत नहीं की गई थी। चूंकि विसंगतियां कर की गणना के संबंध में थीं, और सुधार गणना शीट के अभाव में लेखापरीक्षा कर के सुधार गणना की शुद्धता को सत्यापित नहीं कर सकता था।

बाद में लेखापरीक्षा ने नि.व. 2016-17 और 2017-18 दोनों के निर्धारण आदेशों में दर्शाए गए निर्धारिती के निर्यात संव्यवहार की तालिकाओं से पाया (मई 2024) कि इन दोनों नि.व. की दोनों तालिकाओं में बीजक की तिथि, आयात-निर्यात कोड, जी.बी.पी. (ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग) में बीजक मुद्रा, एफ.ओ.बी. (फ्री ऑन बोर्ड) मूल्य, ड्यूटी ड्रॉबैक और वित्त वर्ष 2015-16 के अंतर्गत आने वाले वित्त वर्ष 2014-15 से संबंधित निर्यात संव्यवहार के लिए शिपिंग बिलों के लिए बीजक मूल्य की समान सूचना सम्मिलित थी। इसलिए, कुल ₹ 372.28 करोड़ मूल्य के संव्यवहार, जो बीजक की तिथि और एफओबी एवं बीजक मूल्य के संदर्भ में समान थे, का निर्धारण नि.व. अर्थात 2015-16 में किया जाना था। उसके निर्धारण की नए सिरे से जाँच किए बिना, सुधार की प्रक्रिया के दौरान दोनों निर्धारण आदेशों के विसंगतियों की जांच निर्धारण अधिकारी द्वारा नहीं की गयी थी। चूंकि, वित्त वर्ष 2014-15 के लिए कुल निर्धारित निर्यात मूल्य के सापेक्ष ₹ 372.28 करोड़ की आय नि.व. 2015-16 के लिए निर्धारण से बच सकती थी, इसलिए इसके उचित सत्यापन के बाद सुधार की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, चूंकि नि.व. 2016-17 और नि.व. 2017-18 के लिए निर्धारण आदेशों में उल्लिखित तालिका और तथ्य इन निर्धारण वर्षों से संबंधित नहीं हैं, बल्कि नि.व. 2015-16 के लिए हैं, नि.व. 2016-17 और 2017-18 के निर्धारण आदेशों को सही तालिका और तथ्यों को दर्शाकर ठीक करने की आवश्यकता है।

दो निर्धारण आदेशों में, अर्थात वित्त वर्ष 2015-16 हेतु प्रासंगिक नि.व. 2016-17 और वित्त वर्ष 2016-17 के लिए प्रासंगिक नि.व. 2017-18, निर्धारण अधिकारी ने कराधान के उद्देश्य से आयात (निर्यात होना चाहिए और सत्यापन की आवश्यकता है) बिलों के मूल्य के रूप में क्रमशः ₹ 527.17 करोड़ और ₹ 373.51 करोड़ लिए थे। निर्धारण आदेश के अनुसार, निर्धारिती ने निर्धारण कार्यवाही के दौरान जारी विभिन्न सांविधिक नोटिसों का अनुपालन नहीं किया था एवं न तो आई.टी.आर. और न ही कोई अन्य विवरण प्रस्तुत किये थे। हालाँकि, जब निर्धारण अंतिम रूप में था, तो निर्धारिती ने विघटन विलेख एवं

व्यापार लाइसेंस तथा आयात/निर्यात कोड में संबंधित सांपत्तिक की साझेदारी में संशोधन के संदर्भ में भी दस्तावेज़ उपलब्ध कराते हुए उत्तर दिया कि फर्म 10/10/2011 को भंग हो गई थी। चूंकि सत्यापन इकाई से निर्धारण अधिकारी को भौतिक सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई थी, इसलिए निर्धारण अधिकारी ने बिना किसी खाता बही के उस समय उपलब्ध दस्तावेजों के साथ निर्धारण पूरा करने का निर्णय लिया और दोनों निर्धारण वर्षों 2016-17 और 2017-18 में धारा 44एडी के प्रावधानों का हवाला देते हुए निर्धारिती की व्यवसाय आय की गणना निर्यात संव्यवहार के आठ *प्रतिशत* पर की थी। निर्धारण अधिकारी की यह कार्रवाई निम्नलिखित कारणों से सही नहीं है:

(क) निर्धारण अधिकारी को इस निर्यात संव्यवहार की प्रकृति और स्रोत के संबंध में निर्धारिती से संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी और इस तथ्य के लिए कि इस निर्धारिती का कोई आयकर विवरण फाइलिंग इतिहास नहीं है (निर्धारण अधिकारी द्वारा लेखापरीक्षा को प्रदान की गई 360 डिग्री सूचना के अनुसार), और इन दो निर्धारण आदेशों में कोई उल्लेख नहीं है कि इन निर्यात संव्यवहार के सापेक्ष धन प्रेषण, प्रासंगिक विधानों के प्रावधानों और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार भारत में प्राप्त किया गया था। इसलिए, इस विवरण प्रस्तुत एवं अनुपालन न करने वाली निवासी कंपनी निर्धारिती के खाता बही के बाहर सृजित सभी अस्पष्टीकृत निर्यात संव्यवहारों को सम्मिलित करते हुए ₹ 527.17 करोड़ (नि.व. 2016-17) और ₹ 373.51 करोड़ (नि.व. 2017-18) की कुल राशि धारा 69ए के अंतर्गत आती है और धारा 69ए के अंतर्गत इस प्रकार परिवर्धित जानी थी और धारा 115बीबीई के अंतर्गत निर्धारित दर पर कर लगाया जाना था जो नि.व. 2016-17 के लिए 30 *प्रतिशत* है और नि.व. 2017-18 के लिए 60 *प्रतिशत* की दर के साथ 25 *प्रतिशत* की दर पर अधिभार है।

(ख) धारा 44एडी के प्रावधान निवासी व्यक्तिगत, हिन्दू अविभाजित परिवार और साझेदारी निर्धारितियों पर लागू होते हैं, जबकि यह निर्धारिती निर्धारण के अंतर्गत निवासी कंपनी निर्धारिती है। इसके अतिरिक्त, धारा 44एडी के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए निर्धारिती, व्यवसाय में नि.व. 2015-16, नि.व. 2016-17 और नि.व. 2017-18 के लिए ₹ 1.00 करोड़ से कम व्यवसाय टर्नओवर हेतु

संभावित कराधान के संबंध में आयकर विवरण दाखिल करता है, जबकि यह निर्धारिती आयकर विवरण प्रस्तुत नहीं करता था और आरोप के अनुसार अस्पष्टीकृत निर्यात टर्नओवर निर्धारित सीमा अर्थात् ₹ 527.17 करोड़ (नि.व. 2016-17) और ₹ 373.51 करोड़ (नि.व. 2017-18) से अधिक था। इसलिए, इस निर्धारिती के निर्धारण को पूरा करने के लिए धारा 44एडी का प्रयोग करने का निर्धारण अधिकारी का निर्णय न्यायसंगत नहीं था, अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं था और राजस्व के हित में नहीं था।

उपर्युक्त तथ्यों को देखते हुए, नि.व. 2015-16 के लिए ₹ 372.28 करोड़, निर्धारण वर्ष 2016-17 के लिए ₹ 527.17 करोड़ और निर्धारण वर्ष 2017-18 के लिए ₹ 373.51 करोड़ के कुल निर्यात बिलों को धारा 69ए के अंतर्गत परिवर्धित किया जाना था और अधिनियम की धारा 115बीबीई के प्रावधान के अंतर्गत उन पर कर लगाया जाना था। हालांकि, निर्धारण अधिकारी ने कुल अस्पष्टीकृत और अघोषित निर्यात बिलों के केवल आठ *प्रतिशत* को निर्धारिती की आय के रूप में परिवर्धित किया था।

2015-16, 2016-17 और 2017-18 के निर्धारण आदेशों में त्रुटियों के परिणामस्वरूप ₹ 1,393.90 करोड़ कर का कम उद्ग्रहण किया जा सकता था, जिसमें धारा 234ए और धारा 234बी के अंतर्गत परिणामी ब्याज का कम उद्ग्रहण सम्मिलित था, इसके लिए निर्धारण प्रभार में उचित स्तर पर तथ्यों के सत्यापन और निर्धारण के समीक्षा की आवश्यकता है। यह मई 2024 में तथ्यों के विवरण के माध्यम से जारी किया गया था, जिसके बाद जून 2024 में प्रत्युत्तर दिया गया था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.3.2	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त केंद्रीय, भोपाल**
	निर्धारिती का नाम	**: एम4**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: व्यक्तिगत**

निर्धारण अधिकारी ने दिसंबर 2019 में धारा 144 के अंतर्गत ₹ 20.80 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए, बैंक लेखाओं में ₹ 693.46 करोड़ के तीन *प्रतिशत* क्रेडिट प्रविष्टियों के संदर्भ में ₹ 20.80 करोड़ परिवर्धित किया

था। इस मामले में, लेखापरीक्षा ने शुरू में देखा कि निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती की कर देयता की गणना करते समय अधिभार नहीं लगाया था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, विभाग ने अप्रैल 2022 में धारा 154 के अंतर्गत अशुद्धि को सुधारा था।

इस बीच, लेखापरीक्षा ने पाया कि निर्धारिती फाइलर नहीं था। निर्धारिती ने न तो विभाग द्वारा जारी नोटिस का उत्तर दिया और न ही निर्धारण अधिकारी के समक्ष कुछ प्रस्तुत किया था। इस प्रकार, बैंक खाते में ₹ 693.46 करोड़ के कुल क्रेडिट/जमा की प्रकृति और स्रोत अस्पष्टीकृत रहा था। इस प्रकार ₹ 693.46 करोड़ के क्रेडिट के केवल तीन *प्रतिशत* का परिवर्धन करने के बजाय, धारा 69ए के प्रावधानों के अंतर्गत पूरी राशि को कर के दायरे में लाया जाना चाहिए था और अधिनियम की धारा 115बीबीई के अनुसार कर लगाया जाना चाहिए था। इसके अतिरिक्त, निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती के दो अन्य खातों में सामने आई ₹ 6.04 करोड़ की राशि को संज्ञान में नहीं लिया था, जिसे निर्धारिती की आय में भी सम्मिलित किया जाना था और अधिनियम की धारा 115बीबीई के अनुसार कर लगाया जाना था। चूक के परिणामस्वरूप ₹ 678.70 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ जिसमें ब्याज सहित ₹ 865.20 करोड़ कर का कम उद्ग्रहण सम्मिलित था। जनवरी 2023 में इस मुद्दे के विषय में विभाग को सूचित किया गया।

मंत्रालय ने उत्तर में (मई 2026), नीचे उल्लिखित कारणों के साथ अभ्युक्ति को स्वीकार नहीं किया:

(क) अधिनियम की धारा 133ए के तहत 06/04/2016 और 09/11/2016 को एक सर्वेक्षण किया गया था। तदनुसार, निर्धारिती के मामले को अनिवार्य जांच के लिए चुना गया था, और दिसंबर 2019 में धारा 144 के तहत निर्धारण पूरा किया गया था।

(ख) निर्धारिती व्यावसायिक गतिविधियों में लगा हुआ था, जिसकी पुष्टि रिकॉर्ड में उपलब्ध विवरण और दस्तावेजों के साथ-साथ सर्वेक्षण कार्यवाही के दौरान जब्त की गई सामग्री से हुई थी।

(ग) तीन प्रतिशत के लाभ दर के आवेदन के संबंध में, विचाराधीन नि.व. 2017-18 के लिए इसे तुरंत पहले निर्धारण वर्ष 2016-17 में निर्धारिती द्वारा दिखाए गए लाभ के आधार पर सही ढंग से अपनाया गया है, जो कि काफी तार्किक है।

(घ) ऐक्सिस बैंक में रिकॉर्ड पर पड़े बैंक खाते के अवलोकन से पता चलता है कि 01/04/2026 को ₹ 17.63 लाख की शुरुआती शेष राशि थी। बैंक खाते में नियमित अंतराल पर क्रेडिट और डेबिट प्रविष्टियाँ थीं। अधिकांश मामलों में, क्रेडिट प्रविष्टियाँ बैंकिंग चैनल के माध्यम से थीं और न कि नकद के माध्यम से, क्योंकि धारा 69ए के प्रावधान लागू नहीं किए गए थे। 31.03.2017 को शेष राशि ₹ 10.08 लाख थी। किसी भी बिंदु पर शिखर शेष राशि निर्धारण अधिकारी द्वारा अपनाए गए ₹ 20.80 करोड़ के शुद्ध लाभ की राशि से अधिक नहीं थी। इस प्रकार, व्यावसायिक गतिविधियों में निर्धारिती की भागीदारी को देखते हुए, बैंक खाते में क्रेडिट प्रविष्टियों पर लाभ की गणना की गई थी, और निर्धारण अधिकारी द्वारा संकलन सही ढंग से किया गया था।

(ङ) इस मामले में 31/12/2015 को भी तलाशी अभियान चलाया गया था। निर्धारण वर्ष 2010-11 से 2016-17 के लिए धारा 153ए के तहत निर्धारण कार्यवाही के दौरान, यह पाया गया कि निर्धारिती कुछ व्यावसायिक गतिविधियों में लगा हुआ था।

निम्नलिखित कारणों से मंत्रालय का उत्तर स्वीकार्य नहीं है:

(क) इस मामले में, निर्धारिती एक गैर-फाइलर था, और निर्धारिती द्वारा व्यावसायिक गतिविधियों का कोई दस्तावेजी साक्ष्य रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं था। निर्धारिती ने लाभ और हानि खाता, बैलेंस शीट, बिक्री और खरीद रजिस्टर और कोई अन्य संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे। इसके अलावा, जैसा कि निर्धारण आदेश में कहा गया है, निर्धारिती को अपने खातों की लेखापरीक्षा करानी थी, क्योंकि निर्धारिती की कुल प्राप्तियां ₹ 1.00 करोड़ से अधिक थीं, और लेखापरीक्षक को लेखापरीक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत करनी थी, जो नहीं की गई थी।

(ख) इसके अलावा, निर्धारण अधिकारी ने निष्कर्ष निकाला कि निर्धारिती पिछले निर्धारण वर्षों में फर्जी लेनदेन में शामिल था और तदनुसार निर्धारण अधिकारी द्वारा संकलन की गईं, जिसमें अस्पष्टीकृत नकदी प्राप्तियां शामिल थीं। इसलिए, कुल क्रेडिट प्रविष्टियों को निर्धारिती के कारोबार के रूप में मानने और निर्धारण वर्ष 2017-18 के लिए निर्धारिती के लाभ के रूप में तीन *प्रतिशत* क्रेडिट प्रविष्टियों को अपनाने को उचित नहीं ठहराया गया था।

(ग) धारा 69ए के प्रावधानों का आह्वान करने के लिए, मुख्य रूप से तीन शर्तों को पूरा किया जाना है, अर्थात बही-खाता के बाहर धन पाया गया, निर्धारिती उस धन का मालिक है, और धन के अधिग्रहण की प्रकृति और स्रोत अस्पष्ट है। निर्धारिती ने निर्धारण कार्यवाही के दौरान पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद अपने बैंक खातों में ₹ 699.50 करोड़ के क्रेडिट की प्रकृति और स्रोत को स्पष्ट करने में विफल रहा। इसलिए, ₹ 699.50 करोड़ के अस्पष्टीकृत क्रेडिट धारा 69ए के तहत जोड़े जाने और धारा 115बीबीई के तहत कर लगाए जाने के मानदंडों को पूरा करते हैं।

उपरोक्त को देखते हुए, मंत्रालय अपने उत्तर पर पुनर्विचार कर सकता है।

3.4.3.3	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त (केंद्रीय)-1, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: ए2**
	निर्धारण वर्ष	**: 2013-14**
	स्थिति	**: व्यक्तिगत**

निर्धारण अधिकारी ने शुरू में दिसंबर 2018 में धारा 153ए के अंतर्गत जांच निर्धारण का निष्कर्ष निकाला और ₹ पाँच लाख की आय निर्धारित की थी। इसके बाद विभाग के जांच स्कन्ध से प्राप्त सूचना के आधार पर मई 2020 में धारा 148 के अंतर्गत नोटिस जारी करके निर्धारिती के बैंक खाते में ₹ 527.64 करोड़ की क्रेडिट प्रविष्टियों के लिए मामला खोला गया था। निर्धारिती ने नोटिस का अनुपालन नहीं किया था। परिणामस्वरूप, मार्च 2022 में अधिनियम की धारा 148/144 के अंतर्गत पुनर्निर्धारण पूरा किया गया था, जिसमें धारा 69 ए के अंतर्गत आय के रूप में ₹ 0.66 करोड़ की आय सहित

₹ 0.61 का परिवर्धन निश्चित किया गया था (अर्थात 100 प्रति लाख की दर पर कमीशन के बाजार मानदंडों का हवाला देते हुए कुल ऐसे अस्पष्टीकृत क्रेडिट का केवल 0.001 *प्रतिशत*)। चूँकि, किसी भी आय के स्रोत के लिए,यदि कोई हो तो, उसके द्वारा खाता बही में हिसाब दर्ज नहीं किया गया था, और निर्धारिती ऐसे धन के अधिग्रहण की प्रकृति और स्रोत के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं देता है, अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 527.64 करोड़ का पूर्ण अस्पष्टीकृत क्रेडिट परिवर्धित किया जाना था और धारा 115बीबीई के अंतर्गत निर्धारित 30 *प्रतिशत* की दर से कर लगाया जाना था। इस चूक के परिणामस्वरूप ₹ 374.59 करोड़ का कम कर उद्ग्रहण किया गया, जिसमें परिणामी ब्याज भी सम्मिलित था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, विभाग ने मई 2024 में धारा 148/144 के साथ पठित धारा 263 के अंतर्गत आदेश पारित करके उपचारी कार्रवाई की थी। हालांकि, विभाग ने परिशोधन आदेश पारित करते हुए, अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 527.38 करोड़ के अस्पष्टीकृत बैंक क्रेडिट को निर्धारिती की पहले से निर्धारित ₹ 0.66 करोड़ की आय में परिवर्धित किया था, जिसमें पहले से ही ₹ 0.61 करोड़ के बैंक क्रेडिट सम्मिलित थे। नतीजतन, आय में ₹ 0.61 करोड़ दो बार परिवर्धित किया गया था। इसके अतिरिक्त, धारा 234ए(3) के अंतर्गत 22 महीने के बजाय 129 महीने की अवधि के लिए ब्याज लगाया गया था और धारा 234बी(3) के अंतर्गत 108 महीने के बजाय 134 महीने की अवधि के लिए ब्याज लगाया गया था।. इसके अतिरिक्त, धारा 234सी के अंतर्गत ₹ 6.04 करोड़ का ब्याज उद्ग्रहण किया गया था जो कि निर्धारिती के आयकर विवरण प्रस्तुतकर्ता न होने के कारण प्रभार्य नहीं था। इन विसंगतियों को अगस्त 2024 में विभाग को सूचित किया गया था।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.3.4	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: आयकर आयुक्त-10, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: डी1**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: व्यक्तिगत**

दिसंबर 2019 में धारा 144 के अंतर्गत ₹ 22.06 करोड़ की आय पर कर निर्धारण को अंतिम रूप देते समय निर्धारण अधिकारी ने, नकद जमा के आधार पर अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 31.64 लाख और सामान्य आय के अंतर्गत ₹ 217.45 करोड़ की क्रेडिट प्रविष्टियों के 10 *प्रतिशत* के रूप में ₹ 21.75 करोड़ जोड़े। लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि निर्धारिती ने रिटर्न दाखिल नहीं की थी और 'ऑपरेशन क्लीन मनी' के अंतर्गत एकत्रित जानकारी के आधार पर यह मामला खोला गया था। निर्धारिती ने कर निर्धारण कार्यवाही के दौरान जारी किए गए विभिन्न वैधानिक नोटिसों का अनुपालन नहीं किया और बैंक क्रेडिट का कोई विवरण भी प्रस्तुत नहीं किया। हालाँकि, निर्धारण अधिकारी ने बिना किसी आधार और भौतिक तथ्य के, निर्धारिती के बैंक खाते में पाए गए ₹ 217.45 करोड़ के अस्पष्टीकृत अन्य बैंक क्रेडिट (नकद के अतिरिक्त) को उसका व्यावसायिक टर्नओवर मान लिया और ऐसे क्रेडिट का 10 *प्रतिशत* यानी ₹ 21.75 करोड़ व्यावसायिक लाभ मानते हुए जोड़ दिया।

चूंकि निर्धारिती ने रिटर्न दाखिल नहीं की थी और ऐसे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे जिनसे यह सिद्ध हो सके कि क्रेडिट प्रविष्टियां निर्धारिती के व्यवसाय से संबंधित थीं, इसलिए निर्धारण अधिकारी को अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 217.75 करोड़ के अस्पष्टीकृत बैंक क्रेडिट की संपूर्ण राशि को निर्धारिती की आय में अस्पष्टीकृत धन के रूप में जोड़ना चाहिए था। इस चूक के परिणामस्वरूप ₹ 195.70 करोड़ की आय का कम निर्धारण हुआ, जिसके कारण अधिनियम की धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 260.04 करोड़ के कर का अल्प उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा द्वारा बताए जाने पर, विभाग ने निम्नलिखित कारणों का हवाला देते हुए लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार नहीं किया:

(क) उच्चतम न्यायालय ने बृज भूषण लाल प्रदुमन कुमार बनाम सीआईटी (1978) 115 आईटीआर 524 (एससी) के मामले में यह निर्णय दिया कि अनुमान सही और निष्पक्ष होने चाहिए। इसके अतिरिक्त, केरलम राज्य बनाम सी वेलुकुट्टी (1966) 60 आईटीआर 239 (एस.सी.) के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय में भी यह कहा गया है कि सर्वोत्तम

निर्णय के आधार पर किए गए निर्धारण का उपलब्ध सामग्री से उचित संबंध होना आवश्यक है।

(ख) निर्धारिती द्वारा संचालित चालू खाता 10/03/2015 को खोला गया था, जो कि संवीक्षा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष से पूर्व के दो वर्षों का है। आगे, निर्धारिती के बैंक खाता विवरण में दर्शाए गए अधिकांश लेन-देन केवल व्यावसायिक इकाइयों के साथ ही किए गए थे। अतः यह नकारा नहीं जा सकता कि निर्धारिती ने संदर्भित वित्तीय वर्ष के दौरान वास्तव में व्यवसाय किया है। इसलिए, ₹ 217.45 करोड़ की समस्त क्रेडिट राशियों को निर्धारिती की आय मानना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है, क्योंकि अभिलेखों में उपलब्ध दस्तावेज यह दर्शाते हैं कि व्यवसाय संवीक्षा के अंतर्गत वित्तीय वर्ष से दो वर्ष पूर्व ही स्थापित हो चुका था और उक्त वित्तीय वर्ष के दौरान निरंतर जारी रहा।

(ग) यह स्पष्ट है कि अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि निर्धारिती का व्यवसाय वास्तव में अस्तित्व में था। अभिलेख में मौजूद चालू खाता विवरण से पता चलता है कि वास्तव में व्यवसाय स्थापित किया गया था और वह पिछले वर्ष से अस्तित्व में था। निर्धारण वर्ष से पूर्व के वर्ष के दौरान महत्वपूर्ण प्राप्तियां देखी गईं। इसके अतिरिक्त, यह लेखापरीक्षा का यह तर्क कि निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर यह माना जाए कि निर्धारिती का व्यवसाय अस्तित्व में नहीं था, तथ्यात्मक रूप से गलत और वास्तविकता से इतर है। यह उल्लेखनीय है कि जिस वित्तीय वर्ष में व्यवसाय के अस्तित्व पर प्रश्न उठाया गया है, वह वित्तीय वर्ष 2016-17 है, जबकि निरीक्षक को वित्तीय वर्ष 2019-20 में नियुक्त किया गया था। अतः इसे वित्तीय वर्ष 2016-17 में निर्धारिती के व्यवसाय के अस्तित्व में न होने का आधार नहीं माना जा सकता।

(घ) इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा का उद्देश्य तकनीकी और अंकगणितीय सटीकता दोनों ही दृष्टियों से निर्धारण की शुद्धता की जाँच करना है। यह बार-बार दोहराया गया है कि निर्धारण अधिकारी, निर्धारण अधिकारी के विवेकाधीन अधिकार में हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

लेखापरीक्षा संबंधी अभ्युक्तियों पर निर्धारण अधिकारी के उपरोक्त उत्तर निम्नलिखित कारणों से स्वीकार्य नहीं थे:

(i) निर्धारण कार्यवाही के दौरान, निर्धारिती को पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद वह इन बैंक जमा राशियों की प्रकृति और स्रोत को समझाने में विफल रहा| निर्धारण अधिकारी ने स्वयं निष्कर्ष निकाला कि ₹ 217.45 करोड़ की पूरी राशि अज्ञात स्रोतों से प्राप्त अस्पष्टीकृत बैंक क्रेडिट है।

(ii) सर्वोच्च न्यायालय का मानना है कि सर्वोत्तम निर्णय के आधार पर किए गए निर्धारण का उपलब्ध सामग्री से उचित संबंध होना आवश्यक है। हालांकि, वर्तमान मामले में निर्धारण अधिकारी ने अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री के विपरीत निर्धारण किया है, जैसे कि ₹ 217.45 करोड़ की अस्पष्टीकृत बैंक क्रेडिट को निर्धारिती के व्यावसायिक टर्नओवर के रूप में मानना,, जबकि इस विवरणी न दाखिल करने वाले निर्धारिती ने अपने दावों के समर्थन में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया, जिसमें लाभ-हानि खाता, तुलन-पत्र, विक्रय एवं क्रय रजिस्टर, उक्त क्रेडिट/डेबिट का विवरण/प्रकृति तथा अन्य संबंधित लेखा-बही सम्मिलित हैं, जिससे यह स्थापित हो सके कि बैंक में जमा राशियाँ उसके व्यावसायिक लेन-देन से संबंधित थीं। अतः धारा 69ए के प्रावधानों को लागू किया जाना आवश्यक था। निर्धारिती की ओर से किसी भी प्रकार का साक्ष्य/उत्तर/प्रस्तुति के अभाव में, निर्धारण अधिकारी द्वारा ₹ 217.45 करोड़ के सकल टर्नओवर के साथ निर्धारिती की व्यावसायिक गतिविधियों के अस्तित्व को मान लेना उचित नहीं था।

(iii) निर्धारण अधिकारी ने अस्पष्टीकृत नकद जमा को पूरी तरह से व्यावसायिक संचालन से असंबंधित मानते हुए शामिल कर लिया। अतः निर्धारण अधिकारी की ओर से यह तर्क देना उचित नहीं है कि अस्पष्टीकृत नकद जमा प्रविष्टियों का व्यवहार, अस्पष्टीकृत नकद-रहित लेन-देन से अलग होना चाहिए और केवल अस्पष्टीकृत नकद जमा प्रविष्टियों पर ही धारा 69ए लागू होती है। अधिनियम की धारा 69ए इस प्रकार का कोई भेद नहीं करती है।

(iv) केवल यह कि निर्धारिती द्वारा बैंक अभिलेखों में अपने व्यवसाय का स्वरूप “व्यवसाय” अंकित कर दिया गया है, इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला

जा सकता कि एक अनुपालन न करने वाले एवं रिटर्न न दाखिल करने वाले निर्धारिती ने संबंधित निर्धारण वर्ष में वास्तव में कोई व्यवसायिक गतिविधियाँ की थीं। इसी कारण से, निर्धारण वर्ष 2017-18 (जिसमें विमुद्रीकरण की अवधि भी सम्मिलित है) के दौरान निर्धारिती (आयकर-फाइल न करने वाले व्यक्ति)) के बैंक खातों में ₹ 217.45 करोड़ की इतनी बड़ी अघोषित एवं अस्पष्टीकृत बैंक लेन-देन को व्यवसायिक लेन-देन माना जाना उचित नहीं है।

(v) यह तर्क कि निरीक्षक को वित्त वर्ष 2019-20 में, विचाराधीन वर्ष के तीन साल बाद नियुक्त किया गया था, त्रुटिपूर्ण है क्योंकि इतने बड़े टर्नओवर वाला कोई भी व्यवसाय इतने कम समय में पूरी तरह से बंद नहीं हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, नियुक्त निरीक्षक ने बताया कि *"पते के आस-पास के पड़ोसियों और दुकानदारों से आगे की पूछताछ करने पर पता चला कि उक्त पते पर ऐसा कोई व्यक्ति निवास नहीं करता है या व्यवसाय नहीं करता है"।* अतः यह ₹ 217.45 करोड़ के टर्नओवर के साथ व्यवसायिक गतिविधियों के अस्तित्व के संबंध में निर्धारण अधिकारी की धारणा के अनुरूप नहीं था।

(vi) लेखापरीक्षा का उद्देश्य निर्धारण अधिकारी के विवेकाधीन अधिकारों में हस्तक्षेप करना नहीं है। परंतु किसी प्रकरण का निर्धारण करते समय निर्धारण अधिकारी का विवेक उपलब्ध तथ्यात्मक सामग्री और अभिलेखों पर आधारित होना चाहिए तथा अधिनियम की धारा 69ए के प्रावधानों के अनुरूप होना चाहिए। इस निर्धारण में ऐसा नहीं पाया गया। लेखापरीक्षा ने निर्धारण आदेश में तथ्यात्मक त्रुटियों को उजागर किया, क्योंकि अभिलेखों पर किसी भी सहायक साक्ष्य के बिना निर्धारिती का ₹ 217.45 करोड़ का व्यवसायिक टर्नओवर मान लेना एक तर्कसंगत निर्णय नहीं था।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में, निर्धारण अधिकारी द्वारा निर्धारण के उद्देश्य से अस्पष्टीकृत गैर-नकद बैंक जमा का 10 *प्रतिशत* को आय के रूप में मानने का निर्णय मनमाना था तथा इसमें पारदर्शिता का अभाव था। विभाग के उत्तर का खंडन मई 2024 में जारी किया गया।

मंत्रालय से उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.3.5 आयकर आयुक्त प्रभार : आयकर आयुक्त-10, दिल्ली

निर्धारिती का नाम : यू2

निर्धारण वर्ष : 2017-18

स्थिति : व्यक्तिगत

निर्धारण अधिकारी ने दिसंबर 2019 में धारा 144 के अंतर्गत निर्धारण को अंतिम रूप देते समय ₹ 20.83 करोड़ की आय निर्धारित की, जिसमें ₹ 208.31 करोड़ के नकद जमा एवं क्रेडिट प्रविष्टियों के 10 *प्रतिशत* के रूप में ₹ 20.83 करोड़ जोड़े गए। लेखापरीक्षा में पाया गया कि निर्धारिती ने रिटर्न दाखिल नहीं किया था और यह प्रकरण 'ऑपरेशन क्लीन मनी' के अंतर्गत एकत्रित जानकारी के आधार पर खोला गया था। निर्धारिती एक समायोजन प्रविष्टि (एकोमोडेसन एंट्री) प्रदाता था। निर्धारिती ने निर्धारण कार्यवाही के दौरान जारी विभिन्न सांविधिक नोटिसों का भी अनुपालन नहीं किया तथा लाभ-हानि खाता, तुलनपत्र, बिक्री और खरीद रजिस्टर, नकद जमा का विवरण/प्रकृति और स्रोत तथा अन्य संबंधित लेखा-बही सहित नकद जमा/ऋण प्रविष्टियों का कोई विवरण प्रस्तुत नहीं किया। तथापि, निर्धारण अधिकारी ने बिना किसी आधार एवं ठोस तथ्य के, निर्धारिती के बैंक खाते में पाए गए ₹ 208.31 करोड़ के अस्पष्टीकृत नकद जमा/बैंक क्रेडिट को उसका व्यवसायिक टर्नओवर मान लिया और ऐसे जमा/क्रेडिट के 10 *प्रतिशत* के रूप में ₹ 20.83 करोड़ को व्यवसाय के लाभ के रूप में जोड़ दिया।

चूँकि निर्धारिती ने आयकर विवरण फ़ाइल नही किया था और उसने ऐसे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे जिनसे यह प्रमाणित हो सके कि नकद जमा/क्रेडिट प्रविष्टियाँ उसके व्यवसाय से संबंधित थीं, अतः निर्धारण अधिकारी को अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत ₹ 208.31 करोड़ की संपूर्ण अस्पष्टीकृत बैंक जमा/क्रेडिट राशि को निर्धारिती की आय के रूप में "अस्पष्टीकृत धन" मानकर जोड़ना चाहिए था। इस चूक के परिणामस्वरूप ₹ 187.48 करोड़ की आय का अल्प-निर्धारण हुआ, जिससे अधिनियम की धारा 234ए एवं 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 234.62 करोड़ के कर का कम उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा के अवलोकनों के उत्तर में, निर्धारण अधिकारी ने अपने उत्तर (जुलाई 2021, सितंबर 2021, दिसंबर 2022 एवं जनवरी 2023) में कहा कि

लेखापरीक्षा के अवलोकन स्वीकार्य नहीं हैं, मुख्यतः निम्नलिखित कारणों का हवाला देते हुए:

(क) निर्धारिती का बैंक खाता मात्र व्यवसायिक लेन-देन के लिए एक माध्यम के रूप में था। निर्धारिती के बैंक खातों के माध्यम से धन का आवागमन होने मात्र से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि उस धन का स्वामी निर्धारिती ही था।

(ख) अनेक क्रेडिट एवं डेबिट प्रविष्टियों से इस बात का संकेत मिलता हैं कि निर्धारिती द्वारा सामान्य व्यवसाय के दौरान किसी प्रकार के व्यवसायिक लेन-देन किए गए थे। निर्धारिती ऐसे लेन-देन से सामान्य व्यवसाय के दौरान लाभ अथवा कमीशन के रूप में कुछ धन अर्जित कर सकता है और निर्धारिती की ओर से कोई जानकारी प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में निर्धारण अधिकारी कुल टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में उचित शुद्ध लाभ का उपयोग करके ऐसे लेन-देनों से लाभ/कमीशन के रूप में आय का सर्वोत्तम अनुमान ही लगा सकता है। आय का यह अनुमान अधिनियम की धारा 69ए के अंतर्गत नहीं आता है, क्योंकि धारा 69ए के दायरे में धन, सोने आदि के रूप में अघोषित संपत्ति शामिल है, लेकिन लाभ या कमीशन के रूप में आय का कोई उल्लेख नहीं है।

(ग) इस प्रकार के गैर-नकद लेन-देन का व्यवहार नकद जमा प्रविष्टियों से भिन्न होता है और केवल बैंक खाते में जमा की गई नकदी ही धन की प्रकृति की होती है और धारा 69ए के अंतर्गत आती है।

(घ) निर्धारिती द्वारा संचालित बैंक खातों के केवाईसी दस्तावेज निर्धारण कार्यवाही के दौरान प्राप्त किए। अभिलेखों में उपलब्ध केवाईसी दस्तावेज दर्शाते हैं कि बैंक खाता वित्तीय वर्ष 2015-16 से पहले से ही अस्तित्व में था तथा निर्धारिती के चालू खाते के समय फेडरल बैंक के अधिकारियों द्वारा व्यवसायिक परिसर का विधिवत सत्यापन किया गया था। दिल्ली वैट पंजीकरण से संबंधित दस्तावेज तथा वैट रिटर्न अभिलेखों में उपलब्ध हैं। निर्धारिती के बैंक विवरण में दर्शाए गए अधिकांश लेन-देन केवल व्यावसायिक इकाइयों के साथ किए गए थे। अतः यह स्पष्ट है कि संदर्भित वित्तीय वर्ष के दौरान निर्धारिती वास्तव में व्यवसाय कर रहा था। इसलिए ₹ 208.31 करोड़ की समस्त क्रेडिट प्रविष्टियों को निर्धारिती की आय मान लेना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है,

क्योंकि अभिलेखों में उपलब्ध दस्तावेज यह दर्शाते हैं कि निर्धारिती उक्त वित्तीय वर्ष में वास्तव में व्यवसाय कर रहा था।

निम्नलिखित कारणों से निर्धारण अधिकारी के जवाब स्वीकार्य नहीं थे।

(क) सर्वोत्तम निर्णय आदेश के अंतर्गत निर्धारण अधिकारी की विवेकाधीन शक्ति एक प्रकार का तर्कसंगत आदेश होना चाहिए जिसमें प्रासंगिक तथ्यों से उत्पन्न होने वाले कारण बताए गए हों। लेखापरीक्षा के उत्तरों में दिए गए औचित्य और तर्क निर्धारण आदेश का हिस्सा नहीं हैं, जिसमें उन्होंने अघोषित बैंक लेन-देन पर पूरी राशि के बजाय केवल 10 *प्रतिशत* कर लगाया। निर्धारण अधिकारी द्वारा अघोषित बैंक लेन-देन को अघोषित व्यावसायिक लेन-देन से संबंधित मानने की धारणा साक्ष्यों द्वारा समर्थित नहीं है। निर्धारण अधिकारी द्वारा यह मान लेना कि ये अस्पष्टीकृत बैंक लेन-देन अघोषित व्यवसायिक लेन-देन से संबंधित हैं, साक्ष्यों द्वारा समर्थित नहीं है।

(ख) केवल बैंक खाते का स्वामी/खाताधारक ही बैंक में उपलब्ध राशि को अन्य व्यक्तियों को भेज सकता है। जब निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण आदेश में यह निष्कर्ष निकाला कि निर्धारिती के बैंक खाते में अस्पष्टीकृत जमा/क्रेडिट (जिसमें विमुद्रीकरण अवधि के नकद जमा राशि भी शामिल है) को निर्धारिती द्वारा उसी दिन या अगले दिन अन्य व्यक्तियों के खातों में भेज दिया गया, तब निर्धारण अधिकारी यह कहना उचित नहीं होगा कि निर्धारिती के बैंक खाते में ऐसी क्रेडिट प्रविष्टियाँ उसकी धनराशि के स्वामित्व का प्रमाण नहीं हैं।

(ग) निर्धारण अधिकारी के तर्कों में विरोधाभास है, क्योंकि एक ओर उन्होंने यह कहा कि निर्धारिती एक समायोजन प्रविष्टि (एकोमोडेसन एंट्री) प्रदाता है एवं निर्धारिती के बैंक खाते में पाई गई धनराशि समायोजन लेन-देन से संबंधित है। दूसरी ओर, अपने उत्तर में उसने तर्क दिया कि उसके बैंक खाते में पाए गए ₹ 208.31 करोड़ उसके व्यावसायिक लेन-देन से प्राप्त व्यापारिक टर्नओवर हैं यह मानते हुए कि निर्धारिती एक समायोजन प्रविष्टि (एकोमोडेसन एंट्री) प्रदाता हो सकता है, इसका अर्थ है कि निर्धारिती के बैंक खाते में पाई गई ₹ 208.31 करोड़ की अघोषित राशि, जिसमें ₹ 164.78 करोड़ नकद शामिल है, निर्धारिती द्वारा वास्तविक लाभार्थियों को उनके अघोषित धन को सफेद धन में बदलने या उनके व्यावसायिक लाभ को कम करने के लिए प्रदान किए गए

समायोजन लेनदेन से संबंधित हो सकती है। हालांकि, यह निर्धारण अधिकारी का दायित्व था कि वह इन कथित समायोजन लेनदेन के वास्तविक लाभार्थियों की पहचान करे और उस पर कर लगाए। हालाँकि, ऐसा नहीं किया गया। साथ ही, निर्धारिती न तो यह स्पष्ट करने के लिए आगे आया कि उसके बैंक खातों में पाई गई राशि उसकी नहीं थी और न ही उसने उन वास्तविक लाभार्थियों के नाम बताए, जिन्होंने अघोषित आय पर कर अपवंचन के लिए उसके बैंक खातों का उपयोग किया था। अतः, ऐसी स्थिति में भी, निर्धारिती के बैंक खाते में पाई गई राशि का वास्तविक लाभार्थियों के विवरण के अभाव में, उक्त राशि को निर्धारण में धारा 69ए के अंतर्गत अस्पष्टीकृत आय के रूप में (वास्तविक आधार पर या सुरक्षात्मक आधार पर, इस पर निर्भर करते हुए कि निर्धारिती समायोजन प्रविष्टि (एकोमोडेसन एंट्री) प्रदाता था या स्वयं लाभार्थी) जोड़ा जाना चाहिए था, न कि ₹ 208.31 करोड़ की व्यावसायिक प्राप्तियों से अर्जित व्यवसायिक आय के रूप में।

(घ) लेखापरीक्षा में विभाग के अभिलेखों से यह भी पाया गया कि इस निर्धारिती ने न तो निर्धारण वर्ष 2017-18 के लिए और न ही किसी पिछले निर्धारण वर्षों के लिए आयकर विवरणी (आईटीआर) दाखिल की थी। अतः, निर्धारिती की ओर से ऐसे अघोषित लेन-देन के स्पष्टीकरण हेतु किसी भी प्रस्तुति के अभाव में, निर्धारण अधिकारी के पास अपने सर्वोत्तम निर्णय के आधार पर यह मानने के लिए कोई ठोस तथ्य उपलब्ध नहीं थे कि बैंक खाते में की गई क्रेडिट/डेबिट प्रविष्टियाँ निर्धारिती के सामान्य व्यापारिक लेन-देन थीं।

(ङ) जनवरी 2023 में दिए गए निर्धारण अधिकारी के उत्तर के अनुसार, निर्धारिती ने वित्तीय वर्ष 2015-16 में बैंक खाता खोला था, जो संबंधित निर्धारण वर्ष से ठीक एक वर्ष पहले का वर्ष है। बैंक अभिलेखों एवं वैट अभिलेखों में व्यवसाय का उल्लेख मात्र से यह सिद्ध नहीं होता कि एक अनुपालन न करने वाला एवं विवरणी न दाखिल करने वाला निर्धारिती की संबंधित निर्धारण वर्ष में व्यवसायिक गतिविधियाँ थीं। इसी कारण से, निर्धारिती के बैंक खातों में ₹ 208.31 करोड़ के अघोषित एवं अस्पष्टीकृत लेन-देन, जिसमें ₹ 164.78 करोड़ की नकद जमा (जिसमें विमुद्रीकरण अवधि के दौरान जमा नकद भी सम्मिलित है) शामिल है, को व्यवसायिक लेन-देन से प्राप्त मान लेना उचित नहीं था। यह

विशेष रूप से ऐसे निर्धारिती के लिए लागू होता है जिसने किसी भी निर्धारण वर्ष के लिए कभी आयकर विवरणी दाखिल नहीं की। इसके अतिरिक्त, निष्पक्ष न्याय का प्रश्न भी पहले ही हल हो चुका है क्योंकि निर्धारण अधिकारी ने स्वयं यह कहा है कि निर्धारण कार्यवाही के दौरान निर्धारिती को उत्तर देने/अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया था।

(च) अधिनियम की धारा 69ए में कहा गया है कि, "यदि किसी वित्तीय वर्ष में निर्धारिती किसी धनराशि, बुलियन, आभूषण या अन्य मूल्यवान वस्तु का स्वामी पाया जाता है और ऐसी धनराशि, बुलियन, आभूषण या अन्य मूल्यवान वस्तु उसके द्वारा किसी आय स्रोत के लिए रखी गई लेखा-बही में अभिलिखित नहीं है, तथा निर्धारिती उस धनराशि, बुलियन, आभूषण या अन्य मूल्यवान वस्तु के अधिग्रहण की प्रकृति एवं स्रोत के संबंध में कोई स्पष्टीकरण नहीं देता है, या उसके द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण निर्धारण अधिकारी की राय में संतोषजनक नहीं है, तो ऐसी धनराशि, बुलियन, आभूषण या अन्य मूल्यवान वस्तु को उस वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारिती की आय माना जा सकता है।" अतः, धारा 69ए उन अस्पष्टीकृत धनराशियों से संबंधित है, जो इस मामले में निर्धारिती के बैंक विवरणों में पाई गई थीं। विवरणी न दाखिल करने वाला होने के कारण, निर्धारिती ऐसी धनराशि का खुलासा करने में विफल रहा तथा निर्धारण के दौरान उसका स्पष्टीकरण देने में भी असफल रहा। इसके अतिरिक्त, धारा 69ए अस्पष्टीकृत एवं अघोषित नकद जमा और अस्पष्टीकृत एवं अघोषित नकद-रहित जमा के बीच कोई अंतर नहीं करती है।

अतः, सभी तथ्यों के आधार पर, बैंक विवरणों में अंकित ₹ 208.31 करोड़ की समस्त अघोषित एवं अस्पष्टीकृत क्रेडिट, धारा 69ए के दायरे में आती हैं और निर्धारण अधिकारी द्वारा ऐसे अस्पष्टीकृत क्रेडिट के केवल 10 *प्रतिशत* (₹ 20.83 करोड़) को आय के रूप में लेने का निर्णय मनमाना, अपारदर्शी और अनुचित था। विभाग के उत्तर का खंडन अगस्त 2022 में जारी किया गया था। मंत्रालय से प्रत्युतर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.3.6	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: आयकर आयुक्त-10, दिल्ली**
	निर्धारिती का नाम	**: ए11**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: व्यक्तिगत**

अधिनियम की धारा 147 सहपठित धारा 144 के अंतर्गत मार्च 2022 में निर्धारिती का निर्धारण शून्य आय पर अंतिम रूप देते समय, निर्धारण अधिकारी ने यह कहा कि चूँकि मामला समय-सीमा समाप्त होने के कगार पर था तथा निष्पक्ष न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए, बिना किसी प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाए इस मामले का निपटान किया जा रहा है। निर्धारण अधिकारी ने आगे यह भी कहा कि विधि के अनुसार उपयुक्त समझे जाने पर आवश्यक उपचारात्मक कार्यवाही की जाएगी।

लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि निर्धारिती ने विवरणी दाखिल नही की थी तथा मामला वार्षिक सूचना विवरण (एआईआर) के आधार पर खोला गया था, जिसमें निर्धारिती ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से संबंधित निर्धारण वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 88.47 करोड़ की नकदराशि जमा की थी। निर्धारिती ने निर्धारण अधिकारी द्वारा जारी नोटिसों का पालन नहीं किया और न ही अपना आयकर विवरण प्रस्तुत किया। इस प्रकार, निर्धारिती द्वारा की गई ₹ 88.47 करोड़ की नकद जमा अस्पष्टीकृत रही और इस पर अधिनियम की धारा 69ए सहपठित धारा 115बीबीई के प्रावधान लागू होते हैं। किन्तु, निर्धारण अधिकारी द्वारा उक्त अस्पष्टीकृत नकद जमा का परीक्षण/निर्धारण नहीं किया गया। इस त्रुटि के परिणामस्वरूप ₹ 88.47 करोड़ की आय का अल्प-निर्धारण हुआ, जिससे ब्याज सहित ₹ 147.63 करोड़ के कर का अल्प उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, अतिरिक्त आयकर आयुक्त, रेंज-46, नई दिल्ली ने में बताया (मई 2024) कि धारा 263 के अंतर्गत मार्च 2024 में प्रधान आयकर आयुक्त10, दिल्ली द्वारा आदेश पारित किया गया, जिसके द्वारा निर्धारण आदेश को निरस्त करते हुए निर्धारण अधिकारी को सत्यापन/जांच करने तथा अधिनियम की धारा 69ए के अनुसार जोड़ने और धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार आय पर कर लगाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा,

सेक्शन 263 के तहत दिए गए आदेश को लागू करने वाला आदेश मार्च 2025 में पास किया गया, जिसमें लेखापरीक्षा अभियुक्ति का ध्यान रखा गया।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.3.7	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त (सेंट्रल)-3, मुंबई**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स एफ1 लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2017-18**
	स्थिति	**: कंपनी**

जनवरी 2020 में अधिनियम की धारा 143(3) सहपठित धारा 144 के अंतर्गत निर्धारण अधिकारी ने निर्धारिती के निर्धारण को अंतिम रूप देते समय ₹ 1,697.89 करोड़ की आय में फर्जी खरीद के लिए ₹ 203.86 करोड़ जोड़े और सामान्य दर पर कर देयता की गणना की। लेखापरीक्षा में यह उल्लेख किया गया कि जनवरी 2017 में निर्धारिती, एन4 समूह की कंपनी मेसर्स एफ1 लिमिटेड के मामले में तलाशी एवं जब्ती की कार्यवाही की गई थी। लेखापरीक्षा ने निर्धारण आदेश से यह भी पाया कि निर्धारण अधिकारी ने ₹ 203.86 करोड़ की राशि जोड़ते समय यह स्थापित किया कि निर्धारिती ने संबंधित पक्षों से कुछ भी नहीं खरीदा था। अतः, निर्धारिती की लेखा-बही में दर्शाई गई यह फर्जी खरीद, जो कि अस्पष्टीकृत थी, उसमें अधिनियम की धारा 69ए सहपठित धारा 115बीबीई के प्रावधान लागू होते है, किन्तु निर्धारण अधिकारी ने इन्हें लागू नहीं किया|

हालाँकि, एक अन्य मामले में, एन4 समूह की ही एक कंपनी, मेसर्स सी2 प्रा. लि., के संदर्भ में उसी निर्धारण अधिकारी ने निर्धारण वर्ष 2017-18 के लिए अधिनियम की धारा 153सी सहपठित धारा 144 के अंतर्गत आय का निर्धारण करते हुए ₹ 20.40 करोड़ की उसी प्रकार की फर्जी खरीद को अधिनियम की धारा 69सी के प्रावधानों को लागू करते हुए जोड़ा तथा धारा 115बीबीई के अनुसार 60 *प्रतिशत* की दर से कर उद्ग्रहित किया।

अधिनियम की धारा 69सी सहपठित धारा 115बीबीई के प्रावधानों को लागू करते हुए फर्जी खरीद के निर्धारण में चूक के परिणामस्वरूप अधिनियम की धारा 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 116.49 करोड़ के कर का अल्प उद्ग्रहण हुआ।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर (सितंबर 2022), विभाग ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार कर लिया (जून 2023) तथा यह बताया कि उपयुक्त समय पर आवश्यक उपचारात्मक कार्यवाही की जाएगी।

मंत्रालय का उत्तर प्रतीक्षित है (मई 2026)।

3.4.3.8	**आयकर आयुक्त प्रभार**	**: प्रधान आयकर आयुक्त-2, कोलकाता**
	निर्धारिती का नाम	**: मेसर्स एम5 प्राइवेट लिमिटेड**
	निर्धारण वर्ष	**: 2018-19**
	स्थिति	**: कंपनी**

लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि निर्धारण अधिकारी ने अधिनियम की धारा 144 सहपठित धारा 143(3ए एवं 3बी) के अंतर्गत अप्रैल 2021 में ₹ 1.59 करोड़ की आय पर निर्धारण को अंतिम रूप देते हुए ₹ 56.56 करोड़ की खरीद का मात्र ₹ 2.83 करोड़, अर्थात पाँच *प्रतिशत*, को ही अस्पष्टीकृत मानकर जोड़ा। चूँकि निर्धारिती ने किसी भी नोटिस का उत्तर नहीं दिया तथा उक्त लेन-देन के संबंध में कोई भी दस्तावेजी साक्ष्य या स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया, अतः संपूर्ण खरीद राशि को अधिनियम की धारा 69सी के अंतर्गत जोड़ा जाना चाहिए था तथा धारा 115बीबीई के प्रावधानों के अनुसार उस पर कर लगाया जाना चाहिए था, जो नहीं किया गया। इस चूक के परिणामस्वरूप ₹ 53.73 करोड़ की आय का अल्प-निर्धारण हुआ, जिसमें धारा 234ए और 234बी के अंतर्गत ब्याज सहित ₹ 61.85 करोड़ का कर प्रभाव शामिल है।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर, विभाग ने मार्च 2024 में अधिनियम की धारा 263 के अंतर्गत आदेश पारित कर निर्धारण को निरस्त कर दिया तथा निर्धारण अधिकारी को निर्देश दिया कि वह निर्धारिती को समुचित सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए तथा उसके द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर पूछताछ करने के बाद पुनः निर्धारण करे। धारा 144 के साथ पठित धारा 263 के तहत प्रभाव आदेश मार्च 2025 में पारित किया गया था, जिसमें विभाग ने लेखापरीक्षा अभ्युक्तिको आंशिक रूप से स्वीकार कर लिया और ₹ 60.08 करोड़ के कुल कारोबार का आठ प्रतिशत, यानी ₹ 4.81 करोड़, निर्धारिती की शुद्ध कर योग्य आय के रूप में जोड़ा।

मंत्रालय ने लेखापरीक्षा अभ्युक्ति को स्वीकार नहीं किया और कहा कि निर्धारिती थोक व्यापार व्यवसाय में लगा हुआ था और उसने क्रमशः निर्धारण वर्ष 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के लिए ₹ 26.65 करोड़, ₹ 30.75 करोड़ और ₹ 56.56 करोड़ की खरीद की थी। निर्धारण कार्यवाही के दौरान, निर्धारण अधिकारी ने 360° दृश्य देखा था और पांच प्रतिशत की दर से सकल लाभ का अनुमान लगाया था। बाद में, पीसीआईटी-2, कोलकाता ने निर्धारण की समीक्षा की और निर्धारण अधिकारी को पुनर्मूल्यांकन करने का निर्देश दिया। धारा 144 के साथ पठित धारा 263 के तहत निर्धारण कार्यवाही के दौरान, निर्धारिती ने कोई अनुपालन नहीं किया, और धारा 145(3) लागू करने के बाद, निर्धारण अधिकारी ने बही-खातों को खारिज कर दिया और व्यवसाय की प्रकृति के अनुसार कुल कारोबार के आठ प्रतिशत की दर से सकल लाभ निर्धारित किया। तदनुसार, ₹ 4.81 करोड़ निर्धारित किए गए थे।

